**सुविचार**
संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरूरी है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
ओजी से टाइगर 3 तक इमरान हाशमी ने की...

Ranchi ● Friday, 11 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 206 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com  E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,688.18 |
| निफ्टी | : | 19,543.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,605 |
| चांदी | : | 76.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### ज्ञानवापी सर्वे में मीडिया कवरेज पर प्रतिबंध

**VARANASI :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ज्ञानवापी मामले में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अदालत ने ज्ञानवापी प्रकरण में चल रहे एएसआई सर्वे की किसी भी प्रकार की रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है। न्यायालय ने कहा कि न्यायालय के आदेश से ज्ञानवापी परिसर में सर्वे का जो काम चल रहा है उसकी प्रकृति संवेदनशील है। सर्वे के बारे में एएसआई को अथवा वादीगण एवं प्रतिवादीगण के अधिवक्ताओं को कोई टिप्पणी करने या सूचना देने का कोई अधिकार नहीं है। एएसआई के अधिकारी भी सर्वे की रिपोर्ट केवल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं।

### अनंतनाग में ग्रेनेड हमला जवान सहित तीन घायल

**ANANTNAG :** अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में आतंकियों ने गुरुवार को सुरक्षाबल पर ग्रेनेड से हमला कर दिया जिसमें सेना के जवान के साथ तीन लोग घायल हो गए। हमला कर आतंकी मौके से फरार हो गए जिनकी धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षाबलों ने अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके के अथलान गडोले गांव में तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान वहां छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड फेंका। हमले में सेना के एक जवान सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है जहां पर उनका उपचार जारी है वहीं, हमले के बाद मौके से भागे आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

### बारामूला से लश्कर के तीन आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**BARAMULA :** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले से सुरक्षा बलों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित तीन आतंकवादियों के सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला में सेना के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 03 आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करके एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने कहा कि आतंकी सहयोगियों के कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा, मणिपुर पर मोदी के बोलने के पहले ही WALKOUT कर गया विपक्ष

## दो घंटा 12 मिनट बोले प्रधानमंत्री, विपक्ष पर चुन-चुन कर किया प्रहार, राहुल भी रहे निशाने पर

**PHOTON NEWS DELHI :** मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों का लाया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार यानी 10 अगस्त को गिर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंत में अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब दिया। मोदी ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया, जिसमें वे मणिपुर पर 1 घंटे 52 मिनट बाद बोले। बड़ी बात ये कि जब प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर बात शुरू की, उसके पहले ही विपक्ष सदन से वॉकआउट कर चुका था।


लोकसभा में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

पीएम ने ये भी कहा- यूपीए को लगता है कि देश के नाम का इस्तेमाल कर विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है। ये इंडिया गठबंधन नहीं है। ये घमंडिया गठबंधन है। इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। सबको प्रधानमंत्री बनना है। विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरूआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए, लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। देश की जनता ने जिस काम के लिए उन्हें यहां भेजा, उस जनता से भी विश्वासघात किया गया है। आप जुटे तो अविश्वास प्रस्ताव पर जुटे। कट्टर भ्रष्ट साथी की सलाह पर मजबूर होकर जुटे। इस अविश्वास प्रस्ताव पर भी आपने कैसी चर्चा की। सोशल मीडिया पर आपके दरबारी भी बहुत दुखी हैं। मजा इस डिबेट का...फील्डिंग विपक्ष ने ऑर्गनाइज की, लेकिन चौके-छक्के यहीं से लगे। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस पर नो बॉल कर रहा है और इधर से सेंचुरी हो रही है। आप तैयारी करके क्यों नहीं आते जी। पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। आईएमएफ लिखता है कि भारत ने अति गरीबी को करीब-करीब खत्म कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है जल जीवन के जरिए 4 लाख लोगों की जान बच रही है। यूनिसेफ ने कहा कि स्वच्छ भारत के कारण हर साल गरीबों के 50 हजार रुपए बच रहे हैं। इन उपलब्धियों पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कुछ दलों को अविश्वास है। जो सच्चाई दुनिया दूर से देख रही है, वो यहां रहकर नहीं देख पा रहे हैं।

**देश के मंगल पर आपने काले कपड़े पहने, इसका धन्यवाद :** अविश्वास और घमंड इनकी रगों में रच-बस गया है। वे जनता के विश्वास को कभी देख नहीं पाते। ये जो शुतुरमुर्ग एप्रोच है, इसके लिए देश क्या कर सकता है। जब शुभ, मंगल होता है, बच्चा साफ-सुथरा होता है तो काला टीका लगा देते हैं। आज जो देश का मंगल हो रहा है, वाहवाही हो रही है, आपका धन्यवाद करता हूं कि काले टीके के रूप में, काले कपड़े में सदन में आकर आपने इस मंगल को निश्चित करने का काम किया।

**तीसरी बार सरकार बनेगी तो हम दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनेंगे :** ये वो लोग हैं, जिन्हें देश के सामर्थ्य पर विश्वास नहीं है। हमारी सरकार के अगले टर्म में यानी तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी टॉप अर्थव्यवस्था होगा। ये जिम्मेदार विपक्ष ऐसे में पूछता कि मोदीजी, निर्मलाजी, ये कैसे करोगे। ये भी मुझे सिखाना पड़ रहा है। यहां वो कुछ सुझाव दे सकते थे या कहते हम चुनाव में जनता के बीच जाकर बताएंगे कि ये तीसरे की बात करते हैं और हम एक पर लेकर आएंगे। कांग्रेस को हुर्रियत, अलगाववादियों पर भरोसा था। भारत ने आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक किया, एयर स्ट्राइक किया। इन्हें भारतीय सेना नहीं, दुश्मन के दांव पर भरोसा था।

### यह सरकार का नहीं, विपक्ष का फ्लोर टेस्ट

पीएम ने कहा- मैं भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे इसका प्रस्ताव लेकर आए। 2018 में भी वे अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। तब मैंने कहा था कि यह हमारी सरकार के लिए फ्लोर टेस्ट नहीं है। उन्हीं का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी वही। जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने भी जमा नहीं कर पाए थे। इतना ही नहीं, जब हम सब जनता के पास गए तो जनता ने भी पूरी ताकत के साथ इनके लिए नो कॉन्फिडेंस घोषित कर दिया। चुनाव में एनडीए को कहीं ज्यादा सीटें मिलीं। एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। एनडीए और बीजेपी 2024 के चुनाव में पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर जनता के आशीर्वाद से वापस आएगी।

### देश के लिए यह समय बेहद अहम : पीएम

पीएम ने कहा- हम सब ऐसे टाइम पीरियड में हैं, चाहे हम हों या आप... ये टाइम पीरियड बेहद अहम है। कालखंड जो गढ़ेगा, उसका प्रभाव इस देश पर आने वाले 1000 साल तक रहने वाला है। इस कालखंड में हम सबका दायित्व है, एक ही फोकस होना चाहिए कि देश का विकास, सपने पूरे करने का संकल्प, सिद्ध करने के लिए जी-जान से जुटना। हमने युवाओं को घोटालों से रहित सरकार दी है। दुनिया में भारत की बिगड़ी हुई साख को संभाला है। अभी भी कुछ लोग कोशिश में हैं कि साख को दाग लग जाए। विश्व का विश्वास भारत में बढ़ता चला जा रहा है। इस दौरान हमारे विपक्ष ने क्या किया। इन्होंने अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता के आत्मविश्वास को तोड़ने की विफल कोशिश की है।

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश

**कोर्ट के आदेश को कमजोर करने की कोशिश : विपक्ष**

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसीएस) की नियुक्ति को रेगुलेट करने से जुड़ा बिल पेश किया। बिल के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और कैबिनेट का मंत्री शामिल होंगे। राज्यसभा में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। विपक्षी दलों ने कहा- सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में एक आदेश में कहा था कि सीईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और विपक्ष के नेता की सलाह पर राष्ट्रपति करें।

उधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा- इस बिल के जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट का एक और फैसला पलटने जा रही है। केजरीवाल ने 2 तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें पहले में सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर है, जिसमें मार्च 2023 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र है। वहीं, दूसरी तस्वीर में एक दस्तावेज है, जिसमें लिखा है कि सीईसी की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और पीएम की ओर से नॉमिनेटेड केंद्रीय मंत्री राष्ट्रपति को सलाह दें।

### रांची के एक दुकान में लगी आग, जिंदा जला होटल का स्टाफ

**RANCHI :** रांची के जगन्नाथ चौक के पास एक दुकान में आग लगने की वजह से पुरुलिया का एक कारीगर जिंदा जल गया। मृतक धुर्वा के ही एक होटल का स्टाफ था। मृतक की पहचान पुरुलिया निवासी बबलू महतो के रूप में हुई है। बबलू महतो होटल में मिठाई और अन्य व्यंजन बनाने का काम करता था। धुर्वा के ही रहने वाले रंजन नाम के व्यक्ति के होटल में बबलू काम करता था। होटल मालिक के द्वारा होटल के ही सामने एक छोटा सा दुकान लिया गया था, जिसे स्टोर और रेस्ट रूम के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। बबलू सहित होटल के दूसरे कर्मचारी भी उसी रेस्ट हाउस में सोया करते थे। बुधवार को ही बबलू के साथ काम करने वाले कर्मचारी धन रोपनी को लेकर पुरुलिया लौट गए थे।

## माओवादी नेता प्रमोद मिश्र समेत दो गिरफ्तार

**मोस्ट वांटेड नक्सली नेता को गया में दबोचा, पुलिस कर रही पूछताछ**

**CRIME REPORTER RANCHI :** भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्र समेत दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिहार के गया जिले की पुलिस ने दोनों नक्सलियों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार नक्सली प्रमोद मिश्र और अनिल यादव से पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रमोद मिश्रा माओवादी संगठन के लिए एक बड़ा नाम है। वर्षों तक वह जेल में रहे और यहां से छूटने के बाद अचानक गायब हो गये थे। अब उनकी गिरफ्तारी की खबर सामने आ रही है। प्रमोद मिश्र ने इस साल फरवरी माह में एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा को भाकपा माओवादी संगठन ने ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो (ईआरबी) का सुप्रीम कमांडर बनाया था। इसके अंतर्गत झारखंड, बिहार, बंगाल, यूपी और पूर्वी भारत के राज्य आते हैं। इसका मुख्यालय सारंडा में स्थित है। सारंडा में सेंट्रल कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में मिसिर बेसरा को ईआरबी का सुप्रीम कमांडर चुना गया। बैठक के बाद टॉप माओवादी प्रमोद मिश्रा सारंडा के इलाके से निकलकर बाहर चला गया था। पहले चर्चा थी कि प्रमोद मिश्रा को माओवादियों ने ईआरबी का सुप्रीम कमांडर बनाया है। इसके पहले एक करोड़ का इनामी नक्सली प्रशांत बोस ईआरबी का सुप्रीम कमांडर था।

**साल 2009 में धनबाद से गिरफ्तार हुए थे प्रमोद मिश्र :** झारखंड व बिहार के मोस्टवांटेड भाकपा माओवादी के शीर्ष नक्सली नेता प्रमोद मिश्र को झारखंड पुलिस की एसटीएफ ने धनबाद के विनोद नगर से 14 मार्च 2009 की रात को गिरफ्तार किया था।



### एनआईए ने प्रमोद मिश्र और अनिल यादव के ठिकाने पर की थी छापेमारी

एनआईए ने बीते तीन मई 2023 को औरंगाबाद स्थित भाकपा माओवादी के सदस्य रहे कुख्यात नक्सली नेता प्रमोद कुमार मिश्र के आवास और रिश्तेदारों के घर पर छापेमारी की थी। एनआईए की टीम ने प्रमोद मिश्र के कासमा स्थित आवास पर पहुंचकर करीब लगभग दो घंटे तक तलाशी ली थी। वहीं उनके रफीगंज में रह रहे रिश्तेदारों के घर लगभग चार घंटे तक एनआइए की टीम ने जांच और पूछताछ की थी। इसके अलावा एनआईए ने बांकेबाजार के असुराइन गांव में नक्सली अनिल यादव के घर पर भी छापेमारी की थी।

## 48 के हुए हेमंत मोदी ने दी बधाई

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गुरुवार को 48 साल के हो गए। हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त, 1975 को रामगढ़ जिला के नेमरा में हुआ था। हेमंत सोरेन झामुमो के सुप्रीमो सह झारखंड अलग आंदोलन में अग्रिम भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर राज्य के कई नेताओं ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देते हुए भगवान से उनकी अच्छी सेहत खुशी और दीघार्यु रहने की प्रार्थना की है। हेमंत सोरेन ने 2003 में छात्र राजनीति में कदम रखा था।


अपने के जन्मदिवस के अवसर पर सीएम ने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं माता रूपी सोरेन से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन भी उपस्थित थे।

### स्कूल कार्यक्रम में अश्लील डांस देखते मंत्री भोक्ता का वीडियो वायरल



**RANCHI :** झारखंड के श्रम एवं रोजगार मंत्री सत्यानंद भोक्ता का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मंत्री सत्यानंद भोक्ता लौंडा डांस का लुत्फ उठाते दिख रहे हैं। वीडियो चतरा जिला के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत औरु गेरुए प्लस-2 हाईस्कूल की नई बिल्डिंग के उद्घाटन पर आयोजित कार्यक्रम का है। यहां छात्र-छात्राओं के सामने ही मंत्री सत्यानंद भोक्ता और जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य लोग लौंडा नाच का लुत्फ उठाते दिख रहे हैं। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता। स्कूल उद्घाटन जैसे कार्यक्रम के मौके पर लौंडा डांस आयोजित कराने को लेकर वरीय पदाधिकारी और मंत्री आलोचकों के निशाने पर हैं। मामला मंगलवार का है। गौरतलब है कि मंत्री सत्यानंद भोक्ता स्कूल भवन का उद्घाटन करने पहुंचे तो बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर फूलों से उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हद तो तब हो गई जब विद्यालय प्रबंधन ने मंत्री के स्वागत में लौंडे को उतार दिया।

## नूंह में दंगाइयों व पुलिस में मुठभेड़

**एक को लगी गोली, दो गिरफ्तार**

**AGENCY NUH :** हरियाणा में नूंह जिले के तावडू में पुलिस और दंगाइयों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हो गई। नूंह पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक को गोली लगी है। पुलिस अरावली की पहाड़ियों में 31 जुलाई को हुई नूंह हिंसा के आरोपियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सूचना मिली थी कि 2 दंगाई राजस्थान के रास्ते तावडू से होते हुए नूंह आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने उन्हें तावडू के पहाड़ी में रोकने की कोशिश की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम गावरका निवासी मुनफेद और सैकुल हैं। दोनों के पास से अवैध कट्टा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से 4 से 5 राउंड फायर हुए। एनकाउंटर करीब एक घंटे तक चला।

**अरावली की पहाड़ियों में छुपे दंगाई, ड्रोन से सर्च :** नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा में शामिल संदिग्ध लोग अरावली की पहाड़ियों में छिपे हुए हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसटीएफ और पुलिस टीमों ने ड्रोन की मदद ली है, जिसके जरिए उनके ठिकानों को तलाश करने के बाद आरोपियों को हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस पहाड़ियों में छिपे 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। बताया जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के बाद से ही आस-पास के गांवों के काफी लोग अरावली की पहाड़ियों में जाकर छिप गए। कई दिनों से इन पहाड़ियों में छिपे हुए हैं। इनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद को बेकसूर बताते हैं। अभी तक हिंसा में शामिल 188 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।


मेडिकल कॉलेज में भर्ती मुनफेद।

**ब्रजमंजल यात्रा पर पथराव के बाद हुई थी हिंसा :** 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद की तरफ से ब्रजमंडल यात्रा निकाली गई थी। यात्रा दोपहर के समय जब नूंह के तिरंगा पार्क के पास पहुंची तो पथराव हो गया। इसके बाद हिंसा फैल गई और उसकी चपेट में पड़ोसी जिले गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद और रेवाड़ी भी आ गए।

## पांच सितंबर को होना है मतदान, भाजपा ने अबतक नहीं किया प्रत्याशी के नाम की घोषना

# DUMRI BYELECTION : बेबी देवी का नामांकन 17 को

**PHOTON NEWS RANCHI :** चुनाव आयोग की ओर से डूमरी विधानसभा उपचुनाव की तिथि घोषित करने के साथ भावी प्रत्याशियों के बीच रसाकसी शुरू हो चुकी है। स्थानीय स्तर पर सभी अपनी ताकत आजमाने में जुट चुके हैं। वहीं इस उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी है। इस उपचुनाव के लिए जेएमएम की ओर से प्रत्याशी पहले की घोषित कर दिया गया है। दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी चुनाव लड़ेंगी। वे 17 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगी। उनके नामांकन में सीएम हेमंत सोरेन सहित कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि अभी यह पुख्ता नहीं है। डूमरी उपचुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। चर्चा है कि पिछले चुनाव परिणाम के आधार पर आजसू अपनी दावेदार पेश कर सकती है।


बेबी देवी।

**2019 में वोटों का आंकड़ा**
- जगरनाथ महतो, जेएमएम : 71128
- यशोदा देवी, आजसू : 36840
- प्रदीप कुमार साहू, भाजपा : 36018

आजसू ऐसा इसलिए करना चाह रहा है क्योंकि साल 2019 के चुनाव में आजसू दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी। जबकि भाजपा तीसरे नंबर पर थी।

**सहानुभूति की लहर पर सवार बेबी देवी :** चुनावी जानकारों की माने तो जेएमएम ने दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाकर एक तरह से अपनी जीत को आश्वस्त कर दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी सहानुभूति की लहर पर सवार हैं। एनडीए अपने गठबंधन को लेकर विचार में है। एनडीए की ओर से अभी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गयी है।

**2,98,629 मतदाता चुनेंगे अपना प्रतिनिधि :** राज्य में होने वाला यह छठा उपचुनाव है। डूमरी विधानसभा में 2,98,629 मतदाता हैं। यही मतदाता अपना प्रतिनिधि का चयन करेंगे। चुनाव में खड़ा हो रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इन्हीं मतदाताओं के हाथ होगा। 2,98,629 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,54, 452 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,44,174 है।

बता दें कि डूमरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगरनाथ महतो थे। वे राज्य के शिक्षा मंत्री थे। कोरोना के दौरान उनकी तबीयत काफी खराब हो गयी थी। चेन्नई में इलाज होने के बाद वे काफी हद तक ठीक थे। बीते छह अप्रैल को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद डूमरी विधानसभा सीट खाली हो गया था। इसी वजह से यहां उपचुनाव हो रहे हैं। जेएमएम और उसकी गठबंधन पार्टियों ने दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्हें उपचुनाव जितने से पहले मंत्री बनाया है।

THE PHOTON NEWS
02 www.thephotonnews.com
Friday, 11 August 2023

BRIEF NEWS

### कांग्रेस ने कभी नहीं की आदिवासियों की चिंता, केवल वोट बैंक समझा : वर्मा

**RANCHI:** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का दृष्टिकोण शुरू से ही आदिवासी विरोधी रहा है। कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों के कारण ही आदिवासी समाज आजाद भारत में लंबे समय तक विकास की मुख्य धारा में नहीं जुड़ पाया और उसी का परिणाम था कि अलग राज्य की मांग उठी। वर्मा ने कहा कि अलग राज्य के आंदोलन को भी कुचलने की हर संभव कोशिश कांग्रेस पार्टी ने की। इसने आंदोलन को खरीदने जैसे घृणित कार्य किए। आज भी आंदोलन के क्रेता-विक्रेता दोनों दल राज्य के जल, जंगल, जमीन को लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की इतनी ही चिंता होती तो कश्मीर में धारा 370 लगाकर आदिवासी दलितों के अधिकारों से कांग्रेस पार्टी 73 वर्षों तक वंचित नहीं रखती। आज कांग्रेस गठबंधन सरकार में आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही। बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही। आदिवासियों की हत्याएं हो रहीं और कांग्रेस पार्टी मौन है। इसी से इनकी नीति और नीयत उजागर हो रही है। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी जिनकी गोद में बैठकर राज्य की सत्ता का भोग कर रही उन्हें आदिवासी समाज की नहीं, बल्कि परिवार की चिंता है।

### आदिवासी दिवस समारोह के बैनर-पोस्टर में राज्य की महान विभूतियों को नहीं मिली जगह : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा आयोजित आदिवासी दिवस समारोह में झारखंड के वीर शहीदों, महान क्रांतिकारियों के हुए अपमान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि समारोह के प्रचार-प्रसार में करोड़ों रुपये खर्च किए गए लेकिन पोस्टर-बैनर में राज्य के महान विभूतियों सिदो कान्हु, चांद भैरव, तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा को कोई जगह नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में जब सत्ताधारी वीर क्रांतिकारियों का तिरस्कार करने लगे तो उसका पतन सुनिश्चित है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह सोरेन राज परिवार के डायरेक्टरशिप में चल रहे झामुमो की ऐसी ही नियत है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव और जीवन दर्शन की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर आदिवासियों की जमीन लूट कर अरबपति बनने वाले पिता-पुत्र अपनी झलकियां दिखा रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता अपने महान विभूतियों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में आदिवासी समाज इनके किए की सजा देकर सबक सिखाएगी।

### झारखंड में जल्द शुरू होगी मोबाइल वेटनरी : कृषि मंत्री

**RANCHI:** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि सरकार की संवेदनशीलता राज्य की जनता के साथ-साथ यहां के पशुओं के लिए भी है। इसी के तहत पहले गौ मुक्तिधाम, फिर रेस्क्यू व्हैकिल का कार्य किया गया। इसी क्रम में पशु चिकित्सा की बेहतरी के लिए राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय में मोबाइल वेटनरी का संचालन करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज का चयन किया गया है। यह एजेंसी देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह का कार्य करता आ रहा है। इनके सहयोग से राज्य सरकार राज्य के पशुधन की सेहत की बेहतरी के लिए कार्य कर सकेगी। बादल गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित अपने कक्ष में झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट के सीईओ प्रवीण झा और ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के निदेशक के कृष्णम राजू के बीच हुए एमओयू के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। बादल ने बताया कि विभाग द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस 236 एम्बुलेंस खरीदे जा रहे हैं, जो ग्रामीणों के पालतू पशुओं की चिकित्सा संबंधी समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगे।
उन्होंने कहा कि मोबाइल वेटनरी के

# लगन और ईमानदारी से परिश्रम किया जाए तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है: राज्यपाल

## अपनी दिनचर्या निर्धारित करें एवं उसका अनुसरण करें : GOVERNOR

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यदि लगन और ईमानदारी से परिश्रम किया जाय तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी दिनचर्या निर्धारित करें एवं उसका अनुसरण करें। जीवन में समय के महत्व को समझें। राज्यपाल गुरुवार को टीपीएस डीएवी पब्लिक स्कूल, बहरागोड़ा के वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्थान आपके पैतृक संपत्ति, बैंक बैलेंस




एवं धन-दौलत से ऊपर है। आप कहीं भी जायेंगे तो आपकी पहचान शिक्षा एवं संस्कार से होगी। जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्व है। उन्होंने कहा कि राज्य के दूरस्थ स्थल पर स्थापित इस विद्यालय में आयोजित इस समारोह में आकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। क्योंकि, यहां पर चारों तरफ के दूरदराज के ग्रामों से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं एवं उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त हो रही है।
राज्यपाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में आप सभी तभी सफल हो पायेंगे, जब आप शिक्षित होंगे। शिक्षित होकर आप अपने समाज का भला भी करेंगे। समाज सुखी होगा तभी हमें वास्तविक सुख की अनुभूति होगी। इसलिए शिक्षित होकर समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना है। इसके लिए जीवन में अनुशासित रहकर कार्य करना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में मैकाले की शिक्षा पद्धति ही लागू थी, जिसके कारण हम परतंत्रता की भावना से उबर नहीं पा रहे थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में इस बात का ध्यान रखा गया है कि देश का सर्वांगीण विकास कैसे हो? उन्होंने इसी क्रम में बताया कि हमें विभिन्न भाषाओं को भी सीखना चाहिए।
राज्यपाल कार्यक्रम में भाग लेने के बाद लौटने के क्रम में एक दिव्यांग से मिले। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को उनके समस्याओं के निदान के लिए निर्देश दिया।

### मंत्री और डीईओ दिनेश मिश्र का फूंका पुतला

**PHOTON NEWS CHATRA:** विद्यालय में अश्लील डांस के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा इकाई ने मोर्चा खोल दिया। दरअसल बीते बुधवार को हंटरगंज के गेरुआ प्लस टू विद्यालय के उद्घाटन समारोह में बाहर से बुलाकर अश्लील नृत्य विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोक्ता और जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के सामने लौंडा डांस का आयोजन किया गया था। जिसके बाद से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को श्रम मंत्री को घेरने का मौका मिल गया। जिसे लेकर विद्यार्थी परिषद ने मंत्री व जिला शिक्षा पदाधिकारी का पुतला फूंका। इस दौरान विद्यार्थी परिषद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी बर्खास्त करो, छात्रों का शोषण करना बंद करो छात्रों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, दोषियों पर कार्रवाई करो जैसे नारों के साथ नगर भ्रमण कर विरोध किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अभाविप जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने कहा कि कल प्लस टू उच्च विद्यालय गेरुआ के उद्घाटन समारोह में जो अश्लील कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी और प्राचार्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कर जिला शिक्षा पदाधिकारी और विद्यालय प्रशासन पूरे चतरा जिले को शर्मसार किया है। नगर मंत्री उज्जवल कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन अभिलंब जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, प्राचार्य और कार्यक्रम के आयोजनकर्ता पर एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद पूरे जिले में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके पर रौनक कुमार सिंह, मेहुल, विक्रम,मयंक, प्रवीण, सुधांशु, राजेश,दीपू, लोकेश, सत्यम,विक्की सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंत्री पद के लिए व्याकुल हैं निशिकांत : जदयू

**RANCHI:** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने गुरुवार को कहा कि गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इन दिनों केंद्र में मंत्री पद के लिए व्याकुल हैं। वह चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव के पूर्व केंद्रीय मंत्रिमंडल के अंतिम विस्तार में उनका बर्थ कन्फर्म हो जाए। इसलिए आज कल वह कुछ-कुछ बोलते रहते हैं। सागर ने कहा कि पूर्व में काफी समय तक निशिकांत दुबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार पर कुछ-कुछ बोलते रहते थे। कोर्ट- कचहरी करते रहते थे। इसके बावजूद संगठन और सरकार में उनकी उपेक्षा हुई। आजकल जदयू और जदयू नेताओं पर कुछ-कुछ बोल रहे हैं। शायद जदयू का जाप करने से उन्हें कुछ प्राप्त हो जाए। वैसे भी आजकल जदयू पर बोलने वाले नेताओं को भाजपा में प्राथमिकता मिल रही है।



### सीएम से मिले मुख्य सचिव व डीजीपी, दी बधाई

**RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन, उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी रांची कौशल किशोर सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति सहृदय आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। ● फोटोन न्यूज



### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल सीएमडी, दी शुभकामनाएं

**RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें सहृदय धन्यवाद दिया। ● फोटोन न्यूज

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा में तीन नया पुलिस भवन का किया लोकार्पण

## कहा- नवनिर्मित थाना भवन पुलिस की कार्यकुशलता को बढ़ाने में होगा सहायक

**PHOTON NEW GARHWA:** जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गुरुवार को गढ़वा शहर को नये पुलिस स्टेशन की सौगात दी। पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, एसपी अंजनी कुमार झा की उपस्थिति में जिले के चिनियां, रंका एवं खरौंधी में नवनिर्मित थाना भवनों का लोकार्पण किया गया। मंत्री ने कहा कि नवनिर्मित थाना भवन पुलिस कि कार्यकुशलता के गुणोत्तर वृद्धि में सहायक होगी तथा इसका सुस्पष्ट प्रभाव क्षेत्र की जनता महसूस करेगी। वर्तमान समय में



लोकार्पण करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर ● फोटोन न्यूज

पुलिस द्वारा काफी बेहतर एवं तत्परता के साथ घटित घटनाओं का अनुसंधान किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप पूरे झारखंड राज्य में शांति व्यवस्था बेहतर हुई है। साथ ही अपराधियों का मनोबल टूटा है। जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। झारखंड सरकार सभी प्रकार के प्रशासनिक भवन एवं अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए गंभीर रूप से प्रयासरत है। आईजी ने जनता से अपील किया कि पुलिस को सहयोग करें तथा अपने साथ किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस 24 घंटे आपके सेवा में तत्पर रहती है। एसपी अंजनी कुमार झा ने चिनियां, रंका एवं खरौंधी थाना के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2010 में रंका थाना में पक्का भवन का निर्माण कराया गया। आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने वर्तमान में पुनः अत्याधुनिक थाना भवन का निर्माण कराया। खरौधी थाना का सृजन वर्ष 2009 में भवनाथपुर थाना से विभाजित कर किया गया जो कि चंदनी पंचायत के पंचायत भवन में संचालित था। वर्तमान में मझिगाव पंचायत के अमरोरा गांव में नया थाना भवन का निर्माण किया गया है। चिनियां थाना वर्ष 1993 में पुलिस पिकेट के रूप में अस्तित्व में आया जो कि वर्ष 2002 में ओपी के रूप में परिणत किया गया। वर्ष 2009 से थाना के रूप में अधिसूचित हुआ। वर्ष 1993 से यह थाना सिचाई विभाग के भवन में कार्यरत है।

### बकाया टैक्स के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम जल्द : रामेश्वर उरांव

**PHOTON NEWS RANCHI:** चैंबर भवन में नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष और सौंदयीकृत पुस्तकालय का उद्घाटन गुरुवार को वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने किया। वीसी हॉल के उद्घाटन के बाद चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने वित्त मंत्री की उपस्थिति में ही सभी जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स व संबद्ध संस्थाओं के साथ संवाद कराया। ऑनलाइन रूप से जुड़े सभी जिलों के व्यापारियों ने अपने-अपने जिले की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर खुशी जताते हुए चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का निर्माण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल थी, जिसे हमने पूरा किया है। हमने देखा है कि कई बार आवश्यकता पड़ने पर या समयाभाव के कारण रांची से बाहर के जिलों के संगठनों और व्यापारियों से संपर्क संभव नहीं हो पाता है। बहरहाल, हमने अपने इस कार्यकाल में रांची की तर्ज पर बाहर के जिलों के व्यापारियों को भी साथ लेकर चलने की कोशिश की है, जिससे बाहर के जिलों के व्यापारियों में फेडरेशन के प्रति विश्वास का माहौल बना है।

### पलामू में झामुमो युवा मोर्चा ने सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**PHOTON NEWS PALAMU:** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जन्मदिन झामुमो युवा मोर्चा पलामू ने बच्चों को खेल सामग्री एवं उपहार स्वरूप देकर मनाया। पोलपोल स्थित बुनियादी स्कूल में युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता अभिषेक सिंह मौजूद थे।
प्राचार्य दिनेश शुक्ला और सभी शिक्षकों ने भी मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई दी और युवा मोर्चा के इस कदम का स्वागत किया। बच्चों ने भी हर्ष के साथ मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सन्नी शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल पर विशेष रूप से ध्यान देते हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर हम सब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला पाए। इसलिए आज खेल का समान लेकर हम सब इनके बीच आए हैं।
झामुमो नेता अभिषेक ने कहा कि इस विद्यालय में आकर मुझे बहुत खुशी हुई। बच्चों के बीच मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाना बहुत खास है। आज कल के बच्चे मोबाइल में खेलने में व्यस्त हैं, बच्चे बाहर खेलेंगे तब ही स्वस्थ और तंदरुस्त रह पाएंगे। आशुतोष विनायक ने भी संबोधित किया।
इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. जशवंत सिंह, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, विद्यालय के प्राचार्य दिनेश शुक्ला, शिक्षक प्रेमचंद कुमार, राम उपेंद्र पांडेय, रविंद्र कुमार पाल मौजूद थे।

# हम सब फाइलेरिया मुक्त झारखंड के लिए प्रतिबद्ध: बन्ना गुप्ता

## राज्य के नौ जिलों में शुरू हुआ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

**PHOTON NEWS RANCHI:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया की ओर से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के वर्चुअल शुभारम्भ के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुवार से राज्य के नौ फाइलेरिया प्रभावित जिलों में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए शुरू होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए/आईडीए) कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इनमें चतरा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, सरायकेला, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा और प. सिंहभूम में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए शुरू होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन



(एमडीए/आईडीए) कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हम सब फाइलेरिया मुक्त झारखंड के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य जिस प्रकार कालाजार के उन्मूलन के अंतिम पड़ाव पर है। इसी तरह झारखंड से फाइलेरिया का उन्मूलन भी शीघ्र होगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्त झारखंड बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता के साथ ही अंतर-विभागीय समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। आज से शुरू होने वाले अभियान में लगभग एक करोड़ 34 लाख लाभुकों को दवा प्रशासकों की ओर से निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवाएं अपने सामने ही खिलाई जायेगी। राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सभी 9 जिलों में से हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम जिले में दो दवाओं डीईसी और अल्बेंडाजोल एवं अन्य सात जिलों में तीन दवाओं डीईसी, अल्बेंडाजोल के साथ आईवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों की ओर से बूथ तथा घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी।

### खूंटी में झामुमो कार्यकताओं ने केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**KHUNTI:** झामुमो कार्यकताओं ने पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में गुरुवार को जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन केक काटकर मनाया। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पाहन, मगन मंजीत तिड़ू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना, राजेन कुजूर, मोजीर अंसारी, डॉ हेमंत तोपनो, कुंवर सिंह मुंडरी, मांगू होरो, शांता खाखा, सलन ओड़ेया, तिमोथी खलखो, राजेन नायक, मो असलम आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन पर कार्यकताओं ने दी बधाई

# हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड विकास की ओर अग्रसर: जावेद अख्तर अंसारी

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 48 वर्ष के हो गए उनके जन्मदिन पर कांके प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा के झारखंड में यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन झारखंड विकास की ओर अग्रसर है झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की अगुवाई में पार्टी काफी मजबूत हुई



है इनके इस जन्मदिन पर हम सभी झामुमो कार्यकर्ता इनके दीघार्यु की कामना करते हैं झारखंड के और उनके नेतृत्व में झारखंड तरक्की की तरफ अग्रसर है झारखंड में पहली बार यहां के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का कार्य किया जा रहा है इस अवसर पर कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में कार्य उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन के अवसर पर पुष्पगुच्छ देकर उन्हें मुबारकबाद दी इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखण्ड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी,जिला संगठन सचिव जुल्फेकार खान, उपाध्यक्ष हनीफ अंसारी, अजीज अंसारी, बबलू राम, फारूक अंसारी, सबीबुल रहमान, मो असलम, नसीम अंसारी, झाबूलाल महतो, रजनी चंद्र पाहन, बिनोद आल्ताफ राजा, सोनू मुंडा, अरुण तिर्की, उमेस महतो, रतन अनमोल सांचा, आफताब आलम, कृष्णा तिर्की, ओरमांझी प्रखण्ड सचिव नरेस यादव, अब्दुल कुद्दूस अंसारी, साजिद कोसर, आफताब बबलू, बुढ़मू प्रखण्ड अध्यक्ष भूनेसर साहू, सुनीता देवी, आरती देवी, खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल पासवान, पप्पू कुमार ,जीतलाल महतो मौजूद थे।

BRIEF NEWS

## सड़क हादसे में भाजपा नेता के पुत्र की मौत

**RANCHI :** तमाड़ थाना क्षेत्र में तमाड़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रही रीता मुंडा के पुत्र रोशन मुंडा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। थाना क्षेत्र के तमाड़-खूंटी पथ पर मोंटू साहू सीमेंट दुकान और विष्णु मंदिर के समीप स्कूटी से तमाड़ की ओर जा रहे (22) रोशन मुंडा की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम पिकअप वाहन और मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। टक्कर में पिकअप वाहन के सामने मोटरसाइकिल फंस गयी है। मोटरसाइकिल में सवार रोशन मुंडा (23) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी है ओर पीछे सुकेश पातर (29) गंभीर रूप सें घायल हो गया है। घायल को प्रशासन द्वारा तत्काल तमाड़ हॉस्पिटल भेजा गया। घायल को सिर और पैर में गंभीर चोटें आयी है। दोनों तमाड़ के निवासी बताये जाते हैं। तमाड़ के सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख उसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

## जुडो और ताईक्वांडो की दो दिवसीय प्रतियोगिता शुरू

**RANCHI :** केंद्रीय विद्यालय संगठन के संभागीय स्तर का जुडो और ताईक्वांडो खेल का दो दिवसीय समागम केंद्रीय विद्यालय एचईसी में शुरू हुआ। इसमें पूरे झारखंड से रांची संभाग के 12 विद्यालय से कुल 130 खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्ग और भार वर्ग में भाग लिया। केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के उपायुक्त वीवी पटेल ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यालय के प्राचार्य सिलास पूर्ति ने उपायुक्त का औपचारिक स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत नृत्य कर सभी अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात वीवी पटेल ने खेल के औपचारिक आरंभ की घोषणा की। इस समागम की गतिविधियों को सफल बनाने के लिए झरखंड जुडो संगठन और ताईक्वांडो संगठन के राष्ट्रीय स्तर के रेफरी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर झरखंड जुडो संगठन के वाइस प्रेसिडेंट वीरेंद्र वर्मा और झारखंड ताईक्वांडो संगठन के वाइस प्रेसिडेंट मिथिलेश कुमार सिंह और केविएस की ओर से विजय भारती खेल शिक्षक, केवि 3 बोकारो की ओर से अभिषेक कुमार विशेषज्ञ के रूप में शामिल रहे।

## लंबित आपराधिक कांडों की एडीजी अभियान आज करेंगे समीक्षा

**RANCHI :** झारखंड में चार साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक कांडों की समीक्षा होगी। एटीएस एसपी और सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी 11 अगस्त (शुक्रवार) को एडीजी अभियान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान अभियोजन स्वीकृत्यादेश (प्रोसिक्यूशन सेंशन ऑर्डर) के लिए लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की जायेगी। लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी को बनाया गया है। जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य हैं। पुराने लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में तेजी आयी है। राज्य का पुलिस विभाग इस काम को पूरा करने में जोर-शोर से जुटा हुआ है। अब तक राज्य के 75 प्रतिशत से अधिक लंबित कांडों का निष्पादन पुलिस पदाधिकारियों ने पूरा कर लिया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### दस जून को हुई रांची हिंसा से जुड़े मामले की सुनवाई, एनआईए जांच के लिए दी गई दलील

# प्रार्थी ने COURT को बताया- हिंसा की योजना बनाने वाले बाहरी तत्व, जिनका PFI से ताल्लुक


रांची हिंसी की फाइल फोटो।

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रांची में पिछले वर्ष जुमे की नमाज के बाद 10 जून को हुई हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने एनआईए जांच कराने के लिए दलील पेश की गई। प्रार्थी पंकज यादव की ओर से शपथपत्र दाखिल कर बताया गया कि हिंसा पूर्व नियोजित थी। हिंसा की योजना बनाने वाले बाहरी तत्व थे, जिनका पीएफआई से ताल्लुक है। वर्ष 2019 में डोरंडा उपद्रव में जो लोग शामिल थे, वही लोग रांची हिंसा की घटना में भी शामिल थे। इसलिए इसकी एनआईए से जांच जरूरी है। इसके बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने मामले की विस्तृत सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की। इस मामले में एनआईए ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह इस घटना की जांच नहीं कर सकता, क्योंकि इस घटना में वैसा कुछ नहीं मिला है, जिसकी जांच एनआईए करे। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी को यह बताने को कहा था कि घटना की एनआईए जांच क्यों जरूरी है। पूर्व में सुनवाई के दौरान गृह सचिव और डीजीपी की ओर से अदालत को बताया गया था कि मामले की जांच जारी है। पुलिस और सीआईडी दोनों जांच कर रही है। कुछ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया गया है। जबकि प्रार्थी पंकज यादव की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता राजीव कुमार ने कहा था कि सरकार हिंसा की मूल वजह को छिपाना चाह रही है। पुलिस और सीआईडी दोनों से जांच करायी जा रही है। सीआईडी भी राज्य सरकार का ही विंग है। सरकार की मंशा जांच को प्रभावित करना है। इसी कारण इस मामले की जांच करने वाले अनुसंधान अधिकारी का तबादला भी कर दिया गया है। प्रार्थी ने कहा कि दस जून की घटना में पीएफआई जैसे प्रतिबंधित संगठन शामिल था। इस तरह के मामले की जांच एनआईए से करायी जानी चाहिए। दूसरे राज्यों में एनआईए जांच कर भी रही है।

**10 जून 2022 को रांची में भड़क गई थी हिंसा :** गौरतलब है कि राजधानी रांची में 10 जून 2022 को हिंसा भड़की थी। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी जबकि पुलिसकर्मियों सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। दरअसल, बीजेपी प्रवक्ता नुपूर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद के विषय में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के खिलाफ बंद का आह्वान किया गया था।

## तापीन साउथ प्रोजेक्ट के विस्थापितों के साथ मारपीट मामले में राज्य सरकार और CCL से HIGHCOURT ने मांगा जवाब

### 4 पुलिस अधिकारियों, सर्किल इंस्पेक्टर और दो सीसीएल अधिकारियों को भी नोटिस

**RANCHI :** तापीन साउथ प्रोजेक्ट सीसीएल, चरही, हजारीबाग के विस्थापितों द्वारा 187 दिनों से अपनी मांगों को लेकर किए गए धरने के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा उनसे मारपीट की घटना की निष्पक्ष जांच करने का आग्रह करने वाली शक्ति देवी एवं अन्य की क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले में सीसीएल एवं राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने मामले में प्रतिवादियों विष्णुगढ़ के तत्कालीन डीएसपी अनुज उरांव, सर्किल इंस्पेक्टर इदरीश अंसारी, मुफ्फसिल थाना इंचार्ज बजरंग महतो, चरही थाना के ऑफिसर इंचार्ज देवेंद्र कुमार सिंह एवं इंस्पेक्टर महेंद्र प्रसाद सिंह सहित सीसीएल के दो अधिकारियों तापीन साउथ प्रोजेक्ट के जीएम नीरज सिन्हा एवं सिक्योरिटी इंचार्ज संजय प्रसाद को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडे नीरज राय, रोहित रंजन सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल ने पैरवी की।

**क्या था मामला :** दरअसल तापीन साउथ प्रोजेक्ट सीसीएल के विस्थापित अपनी मांगों को लेकर 22 अगस्त 2022 से विस्थापित /प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले धरना दे रहे थे। धरना के 187 दिन 20 फरवरी 2023 को असामाजिक तत्वों ने धरना कर कर रहे हैं लोगों के साथ मारपीट की। लेकिन पुलिस ने धरना दे रहे विस्थापितो के खिलाफ ही तीन प्राथमिक की दर्ज की। पुलिस ने मामले में धरना दे रहे 43 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। विस्थापितों का कहना था कि जिन असामाजिक तत्वों ने उन्हें पीटा है उनके खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जबकि शांतिपूर्ण ढंग से धरना दे रहे लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई। इस मारपीट की घटना में सीसीएल के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की संलिप्तता थी। इसलिए 20 फरवरी 2023 की विस्थापितों के साथ मारपीट की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## लव जिहाद मामला : मॉडलिंग के नाम पर युवती से दुष्कर्म के आरोपी तनवीर की जमानत याचिका खारिज

**CRIME REPORTER RANCHI :** लव जिहाद एवं यौन शोषण मामले में आरोपी कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की जमानत याचिका की सुनवाई अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने तनवीर अख्तर की जमानत याचिका खारिज कर दिया है। इससे पहले सीजीएम कोर्ट ने भी आरोपी तनवीर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बता दें कि मामले को लेकर मॉडल मानवी राज ने 9 जून को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सृष्टि घई की अदालत में सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया था। दरअसल, मॉडल ने कोचिंग संचालक पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए रांची के गोंदा थाना में एफआईआर दर्ज कराया था।



**क्या है मामला :** साल 2021 में मानवीय राज ने गूगल पर सर्च कर मॉडलिंग सीखने रांची आई थी। उसी साल होली पर्व के आयोजन पर तनवीर अख्तर ने अपने कोचिंग संस्थान में पार्टी दिया था और पार्टी के दौरान ही कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर गलत काम किया था। जिसके बाद उसका वीडियो बना लिया और बार-बार वीडियो दिखाकर मानवी राज का ब्लैकमेलिंग करता था। हालांकि यहां से परेशान होकर मानवी राज भागलपुर चली गई थी लेकिन उसे जान से मारने की धमकी देख कर फिर रांची बुलाया और बार-बार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

## नाबालिग को गर्भवती करने का आरोपी दोषी करार, सजा 16 को

**RANCHI :** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को नाबालिग से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर उसको गर्भवती करने के मामले के आरोपी मांडर निवासी रंजीत उरांव को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। रंजीत उरांव ने मांडर की रहनेवाली नाबालिग के साथ पहले जबरदस्ती की। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो अभियुक्त ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने सितंबर 2018 में मांडर थाना में नामजद प्राथिकी दर्ज कराई। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने पीड़िता समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया था।

## बिजली कंपनियों में सक्षम व अनुभवी लोगों की नियुक्ति करने को लेकर PIL दायर

**RANCHI :** झारखंड ऊर्जा विकास निगम सहित राज्य सरकार के अन्य बिजली कंपनियों में दक्ष एवं सक्षम लोगों की नियमित नियुक्ति का आग्रह करते हुए झारखंड हाई कोर्ट में राजेश कुमार सिंह की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि राज्य के बिजली कंपनियों में दक्ष एवं अनुभवी लोगों की नियुक्ति की जाए। सेवानिवृत्ति लोगों की नियुक्ति इन बिजली कंपनियों में ना हो, जो भी नियुक्ति हो वह राजनीति से प्रभावित न हो। जिस तरह अन्य राज्यों के बिजली कंपनियों में नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया जाता है , वही व्यवस्था झारखंड की बिजली कंपनियों में भी की जाए। जिससे राज्य में बिजली की संकट ना हो। याचिका में कहा गया है कि झारखंड में दक्ष एवं अनुभवी लोगों की नियुक्ति बिजली कंपनियों में नहीं होने से बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है।

## कृष्णा साहा की बेल याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**CRIME REPORTER RANCHI :** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका की सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट 16 अगस्त को मामले में फैसला सुनाएगी। बता दें कि बीते 5 जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे देर रात गिरफ्तार किया था। एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने इससे पहले कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साह को सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। कृष्णा साह के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में कृष्णा साह के बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल व कागजात भी जब्त किए गए थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है। ईडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साह के खान में अवैध खनन जारी था। इसकी जानकारी ईडी को मिली है, जिसके बाद ही ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था।

## धान कारोबारी को गोली मारने वाले आरोपियों की तलाश में हुई छापेमारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** पुलिस ने बुंडू इलाके में धान कारोबारी को गोली मारने और ढाई लाख रुपये लूटपाट करने वाले फरार दोनों आरोपियों की तलाश में गुरूवार को कई इलाकों में छापेमारी किया। लेकिन, आरोपित पकड़ में नहीं आएं। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के घरवालों से पूछताछ की गई लेकिन उनका कहना था कि पिछले कई दिनों से आरोपी घर नहीं आएं हैं। पुलिस घरवालों पर दबाव बना रही है ताकि दोनों आरोपी पकड़ में आ सके। बुंडू पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी जोटो पाहन उर्फ सोमनाथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि लूट का ज्यादातर पैसा फरार दोनों आरोपियों के पास है।

## महिला के कान की बाली उड़ाने वाले ठग अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

**RANCHI :** चुटिया इलाके में मार्निंग वाक पर निकली बुजुर्ग महिला रीता देवी को झांसा में लेकर कान की बाली उड़ाने वाले दोनों ठगों का सीसीटीवी में चेहरा कैद हुआ है। इसके बाद भी दोनों ठग पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस ने फोटो के आधार पर ठगों की पहचान करने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो पाई। पुलिस को सीसीटीवी की जांच से यह भी पता नहीं चल पाया कि दोनों ठग किस इलाके में फरार हुए हैं। हालांकि चुटिया पुलिस दावा कर रही है कि दोनों ठग जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे। दो ठगों ने महिला रीता देवी को पूजा पाठ कराने के नाम पर झांसा में लिया था और उनका सोने का कान की बाली लेकर फरार हो गए थे।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 133 बटालियन बना विजेता

**RANCHI :** केरिपुबल झारखंड सेक्टर रांची के तत्वावधान में 8 से 10 अगस्त तक झारखंड सेक्टर अंतर बटालियन ग्रुप केंद्र एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। 133 बटालियन के कमांडेंट अमित कुमार की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में 18 बटालियन एवं 2 ग्रुप केंद्र के जवानों के बीच एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। इसमें 133 बटालियन विजेता एवं 193 बटालियन उपविजेता बना। प्रतियोगिता में जवानों ने अपनी-अपनी टीम को जिताने के लिए उनका उत्साह बढ़ाया। उप महानिरीक्षक द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कहा कि खेल हमारे बल को शारीरिक एवं मानसिक दृढ़ता प्रदान करता है।

## ठगी मामले में आरोपी को नोटिस करेगी पुलिस

**CRIME REPORTER RANCHI :** सदर थाना की पुलिस 2 लाख 80 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में आरोपी शानू गड़ोदिया को नोटिस भेजेगी। पुलिस का कहना है कि आरोपी का बयान लेने के बाद पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस आरोपी से संपर्क करने का प्रयास कर रही है लेकिन आरोपी के बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। सदर इलाके में रहने वाले नवीन कुमार के घर में दरवाजा,खिड़की लगाने के नाम पर दो लाख 80 हजार रुपये ठगी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ केस हुआ है। पीड़ित ने आरोपी से कई बार पैसा वापस करने की बात कही लेकिन आरोपी ने पैसा लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। कुछ दिन पहले आरोपी ने कहा कि पूरा पैसा देना होगा इसके बाद काम होगा। नवीन ने कहा कि आधा पैसा तो दे चुका है लेकिन उसका कोई काम नहीं हुआ।

## पूछताछ में खुलासा : पुलिस को चकमा देने के लिए तस्कर बार-बार बदलते हैं नंबर

**RANCHI :** रांची पुलिस ने ड्रग्स के दो बड़े तस्कर सिंटू और मनोज को गिरफ्तार कर जेल दिया है। लेकिन दोनों ने पूछताछ में कई चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ड्रग्स तस्करों तक आसानी से इस वजह से नहीं पहुंच पाती है क्योंकि पुलिस को उनका लोकेशन नहीं मिल पाता है। दोनों तस्करों ने बताया कि ड्रग्स के कारोबार से जितने भी लोग जुड़े हुए हैं उन्हें आदेश है कि वह हर माह अपना मोबाइल नंबर बदलेंगे। ताकि पुलिस को तस्करों के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चले और पुलिस को मोबाइल नंबर मिल भी जाए तो उनका लोकेशन पुलिस तक नहीं पहुंच पाए। दोनों तस्करों ने शहर में एक दर्जन से अधिक सप्लायरों का नाम और मोबाइल नंबर पुलिस को दिया है। सभी तस्करों को पता नहीं मिल पाया है। सिंटू और मनोज ने पुलिस को बताया कि वह सप्लायरों का पता नहीं जानते हैं। वह मोबाइल नंबर से सप्लायरों को अपने पास बुलाते हैं और पैसा लेने के बाद ड्रग्स दे देते हैं। ड्रग्स तस्करों को पकड़ने में पुलिस,आरपीएफ और जीआरपी फेल साबित है। कुछ छोटे तस्करों को पकड़कर पुलिस जेल तो भेज देती है लेकिन बड़े तस्करों तक पुलिस कभी पहुंच नहीं पाती है।

### 13 अगस्त को मॉल ऑफ रांची की ग्रैंड ओपनिंग, इंडियन आइडल फेम पवनदीप व अरुणिता के साथ यादगार होगी शाम

# खरीदारी और मनोरंजन का दिखेगा धमाल, रांची में मॉल कल्चर चढ़ेगा परवान

- नीतीश अग्रवाल व ऋषभ लोहिया लोहिया की जोड़ी गढ़ रही कारोबार की नई परिभाषा
- ग्राहकों को खरीदारी का बेहतरीन अनुभव कराने को दे रहे सर्वोच्च प्राथमिकता


प्रेस कांफ्रेंस में नीतीश अग्रवाल, ऋषभ लोहिया व अन्य ● फोटोन न्यूज


मॉल ऑफ रांची के प्रथम तल में शॉपिंग करते लोग ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची के मॉल कल्चर में नया अध्याय जुड़ने जा रहा है इसी 13 अगस्त को। झारखंड में कारोबार की नई परिभाषा लिखने को संकल्पित नीतीश अग्रवाल व ऋषभ लोहिया की जोड़ी ग्राहकों को खरीदारी का बेहतरीन अनुभव कराने जा रही है। शहर के रातू रोड पर आकाशवाणी पास बहुप्रतीक्षित मॉल ऑफ रांची का औपचारिक उद्घाटन 13 अगस्त को होगा। यह मॉल उद्घाटन के लाइव प्रदर्शन की एक यादगार शाम दिखाने के लिए तैयार है। उद्घाटन कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम पवनदीप और अरुणिता की प्रस्तुति होगी। गुरुवार को मॉल के निदेशक नीतीश अग्रवाल और ऋषभ लोहिया ने कहा कि हम मॉल ऑफ रांची के मेगा लांच की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। हमारा उद्देश्य आगंतुकों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान कर रांची की खरीदारी और मनोरंजन परिदृश्य को फिर से परिभाषित करना है। हम सभी को एक यादगार अनुभव के लिए मॉल में आने और मॉल ऑफ रांची में असाधारण पेशकश की जानकारी हासिल करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। मॉल में दुकानों की एक विस्तृत शृंखला है। मॉल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। मॉल का लक्ष्य निवासियों और आगंतुकों को एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। मॉल ऑफ रांची शहर में एक प्रमुख शॉपिंग स्थल है। 13 अगस्त को अपने भव्य उद्घाटन के साथ मॉल इस क्षेत्र में मनोरंजन, फैशन और पाककला व बेहतरीन व्यंजनों का केंद्र बनने के लिए तैयार है।

**सबसे बड़ा और विशाल गेमिंग जोन :** मॉल ऑफ रांची पूर्वी भारत का सबसे बड़ा और विशाल गेमिंग जोन है, जहां सभी उम्र के गेमिंग प्रेमी लाभ उठा सकेंगे। जीवंत और मनोरंजक नाइटलाइफ अनुभव वाले ग्राहकों को क्लबिंग सेक्शन में लोकप्रिय ब्रांड लॉर्ड ऑफ ड्रिंक्स की सुविधा मुहैया करायी जाएगी। भोजन प्रेमियों के लिए 300 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले फूड कोर्ट में विस्तृत विकल्प उपलब्ध होंगे। स्वाद के अनुरूप विभिन्न तरह के व्यंजन लोगों को उपलब्ध होंगे। मॉल की अत्याधुनिक वास्तुकला आनेवालों को सुखद अहसास कराएगी। ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सभी के लिए एक ही छत के नीचे सस्ती दर पर सब कुछ उपलब्ध है। 60 प्रतिशत मनोरंजन और 40 प्रतिशत खरीदारी की सुविधा है। पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था है।

### मॉल की मुख्य विशेषताएं

**रोजगार :** मॉल के लांच के साथ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सैंकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। 800 से 1000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

**राजस्व :** मॉल रांची के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। जीएसटी के रूप में 50 करोड़ का राजस्व सरकार को मिलेगा। संपूर्ण ब्रांड स्टोर और मॉल से होल्डिंग टैक्स, आयकर, बिजली और नगरपालिका कर के रूप में टैक्स मिलेगा।

**ब्रांड:** मॉल ऑफ रांची में खरीदारी करने वालों को उन ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी, जो झारखंड और बिहार में अपनी शुरूआत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रांड स्टोर की सुविधा मिलेगी।

**सिनेमा :** सिनेमा में लेजर प्रणाली की नवीनतम तकनीक है, जो अत्याधुनिक होने का वादा करती है। डॉल्बी एटमॉस साउंड सिस्टम के साथ सिनेमाई अनुभव।

BRIEF NEWS

## पौधे लगाना ही काफी नहीं इसका संरक्षण भी बेहद जरूरी : सत्यवंती देवी

**BHURKUNDA:** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी की अध्यक्षता में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया सत्यवंती देवी ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि आदिवासी समाज एवं उनकी संस्कृति देश की सबसे पुरानी एवं जल, जंगल व जमीन से जुड़ी परंपराओं का समाज है। जल, जंगल एवं जमीन के प्रति इनका सेवा तथा समर्पण सर्व व्याप्त है। यह हमारे धरोहर हैं। इनको किसी कीमत पर बचाना और आगे बढ़ाना हमसबों का कर्तव्य व दायित्व है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के बिना जल, जंगल, जमीन व स्वच्छ प्राकृतिक की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के वरिष्ठ नेता मिथिलेश टुडू, जल सहिया छुबि देवी, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, शकुंतला देवी, अनीता देवी, दयामुनी मुर्मू, प्रशांत कुमार, वीणा देवी, पाहन बरतु उरांव, मुनारा देवी, किरण सिंह, राधा देवी, शकुंतला देवी, रंथी कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## खेल, कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास को बढ़ावा देगा क्लब : अभय कुमार

**BHURKUNDA:** सीसीएल सौंदा पंचायत भवन के सभागार में गुरूवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया अभय कुमार ने किया। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजीत कुमार यादव, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव एवं सचिव नवीन कुमार को चुना गया। मौके पर मुखिया अभय कुमार ने सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के चुने गए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पूरे कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस गठन से खेल, कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। मुखिया श्री कुमार ने कहा कि उक्त क्लब पंचायत के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर मुखिया अभय कुमार, पंचायत सेवक अनीता, दर्जनो ग्रामीण एवं सभी वार्ड सदस्य मौजूद थें।

## किसानों ने रामगढ़ डीसी को सौंपा ज्ञापन, धान की बकाया राशि का भुगतान कराने का किया आग्रह

**BHURKUNDA:** रामगढ़ जिला को सुखाड़ घोषित करने की मांग को लेकर गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष सनी प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में भाजपाईयों ने रामगढ़ उपयुक्त चंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मां सरस्वती का भेंट कर उन्हें बधाई दी। मौके पर सनी प्रसाद कुशवाहा ने उपायुक्त से किसानों के बकाये धान की राशि जल्द भुगतान कराने का भी आग्रह किया। वहीं उपायुक्त ने मामले पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालो में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शंभुलाल ठाकुर, अशोक सोनी नूतन महतो, हरिलाल महतो, मिहिलाल महतो और हरी महतो शामिल थें।

## जब तलक जिंदा कलम है, हम तुम्हें मरने न देंगे

**RAJRAPPA:** चितरपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय छोटकी लारी में 'अगस्त क्रान्ति' व विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम दो मिनट का मौन धारण कर देश के अमर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत की दमनकारी नीति और कुशासन के खिलाफ अगस्त क्रांति स्वतः स्फूर्त महा जन आंदोलन था। जिसमें किसान, मजदूर, छात्र और आम जनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आंदोलन में हजारों लोग शहीद हुए। अतः हमें उनके त्याग- बलिदान और संघर्षों से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश की सेवा में सदैव समर्पित रहना चाहिए। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली,

# डायरिया से दो लोगों की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

## पीरटांड़ के प्रभावित गांव में सहिया ने घर-घर जाकर ली जानकारी

**PHTON NEWS GIRIDIH:** जिले के पीरटांड़ प्रखंड के हरलाडीह में डायरिया से दो लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी है। अधिकारी एक्सन मोड में हैं। हरलाडीह में डायरिया से अब भी करीब डेढ़ दर्जन लोग पीड़ित हैं। गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, सीओ विनय प्रकाश तिग्गा ने हरलाडीह पहुंचकर पीड़ितों का हाल-चाल जाना। 10 अगस्त गुरुवार को सहिया ने गांव में घर-घर जाकर पीड़ितों के बारे में जानकारी ली।



घर-घर जाकर जांच करती सहिया • फोटोन न्यूज

सभी पीड़ितों का इलाज पीरटांड़ सीएचसी में चल रहा है। कुछ लोगों को स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद गुरुवार को घर भेज दिया गया। जबकि अभी भी कई पीड़ित अस्पताल में भर्ती हैं।

### कुएं का दूषित पानी पीने से फैला डायरिया

जानकारी के अनुसार, हरलाडीह गांव में कुएं का दूषित पानी पीने के बाद लोग डायरिया की चपेट में आए। पीरटांड़ सीएचसी के डॉ। प्रमोद कुमार ने बताया कि मरीजों की स्थिति में तेजी से सुधार आ रहा है। सीएस डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बरसात का मौसम है। लोग स्वच्छ पानी का सेवन करें। डायरिया से बचाव के लिए जिले के सभी चिकित्सा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

## मौन जुलूस के साथ विभाजन में मारे गए लोगों के परिजनों को करेगी सम्मानित

**PHOTON NEWS RAMGARH:** देश के विभाजन की 76वीं स्मृति दिवस को विभाजन विभीषिका के रूप में मानने हेतु भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय रामगढ़ में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथि कार्यक्रम के उत्तरी चोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी सुदेश चंद्रवंशी एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता जी रहे। वरिष्ट पदाधिकारियों की उपस्थित में श्री चंद्रवंशी ने कहा की केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विभाजन के समय मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करने,राष्ट्रीय झंडे के साथ मौन जुलूस निकालने सहित ऑडिटोरियम में विभाजन पर बनी डॉक्यूमेंट्री को प्रसारित कर उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम



जिला स्तर किया जाना तय हुआ है जिसमे आमजनों की भी सहभागिता रहेगी। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पांच सदस्यीय पदाधिकारियों की टीम की घोषणा करते हुए हुए कहा की विभाजन विभीषिका का दर्द कभी भुला नहीं जा सकता क्योंकि ये त्रासदी मात्र एक महत्वकांक्षी व्यक्ति का सत्ता सुख भोगने के लिए पूरे देशवासियों पर थोपा गया जो शर्मनाक था। इस अवसर को प्राथमिकता देते हुए महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने कहा की कार्यक्रम को मात्र केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्देशित नही बल्कि आज हर देशवासियों के दर्द आत्मसम्मान से जोड़कर देखा जाना चाहिए क्योंकि मात्र एक व्यक्ति की महत्वकांक्षा और आत्मशांति हेतु देश के दो टुकड़े किए गए थें। इस आवश्यक बैठक में महामंत्री छोटन सिंह,उपाध्यक्ष आनंद बेदिया,अखिलेश सिंह,मंत्री वसुध तिवारी,दिलीप सिंह, आईटी सेल प्रवीन सोनू,सोशल मीडिया संतोष शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुआवजा के लिए महीनों से कल्याण विभाग का चक्कर लगा रहा युवक

## रामनवमी की याद को चाकूबाजी में हुआ था घायल,मील रहा सिर्फ आश्वासन

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामनवमी की रात्रि चाकूबाजी में घायल युवक श्याम मुंडा ने कल्याण विभाग के कर्मचारियों और कार्यपद्धति पर क्षोभ जताया है। कहा की घटना के सात माह बीत जाने के बावजूद अभी तक उन्हें इलाज हेतु मिलने वाली मुआवजा राशि नही मिल रही है। मुआवजा लेने के लिए समाहरणालय स्थित कल्याण विभाग कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहें है। विभाग से सिर्फ अगले महीने मिलने का आश्वासन ही मिल रहा है। इसे लेकर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड राज्य में आए दिन होने वाली चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना को नियंत्रण करने में राज्य सरकार असफल है। आदिवासियों और दलितों के नाम पर बनी इस सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित और भुक्तभोगी भी यही हो रहे है। उसका ताजा उदाहरण अपराधियों के द्वारा चाकूबाजी श्याम मुंडा है। जिसके इलाज हेतु मिलने वाली राशि को भी देने में सरकार असमर्थ है। शायद इसी कारण इन गरीब लोगों को न्याय नहीं मिल पाता है। उन्होने कहा है कि मैं खुद आज कल्याण विभाग में जाकर इसकी जानकारी लिया। तो लिपिक ने बताया की पांच लाख की राशि आई थी पर वो खर्च हो गया। अधिकारी से मिलने पर उन्होंने टालमटोल करते हुए कहा की साल भर से कोई राशि कल्याण विभाग को इस मद में मिला हीं नहीं है। चौधरी ने कहा कि इन गरीबों को मिलने वाली राशि किस मद में खर्च किया जाता है और पैसे आने में देरी क्यों होती है। ये जानना जरूरी है क्योंकि देरी के कारण मिलने वाली राशि का महत्व भी खत्म हो जाता है। इन्हें न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया की इसकी जांच के लिए जरूरत पड़ी तो मैं एक आरटीआई डालूंगा। क्योंकि पिछले वर्ष एक दलित लड़की के साथ हुई छेड़खानी में एफआईआर भी दर्ज हुई और घटना की जांच के बाद आरोप भी सही पाया गया था। न्यायल में केस लड़ने हेतु कल्याण विभाग से मिलने वाली राशि साल भर तक नही मिली। जिस के कारण कानूनी लड़ाई लड़ने में अक्षम उसके परिजनों को पैसे के दबाव में केस वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा। जो इस सरकार के लिए शर्मनाक है।

## झामुमो व झाकोमयू ने सीएम हेमंत सोरेन का धूमधाम से मनाया 48वां जन्मदिन, कटा केक, बंटी मिठाई

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा सीएम की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : संजीव बेदिया

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी एवं झाकोमयू के तत्वावधान में भुरकुंडा और उरीमारी पार्टी कार्यालय में गुरूवार को राज्य के मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन पूरे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय सचिव और हजारीबाग जिला के संयोजक संजीव कुमार बेदिया द्वारा केक काटकर किया गया। इसके बाद लोगों के बीच केक व मिठाई बांटकर हेमंत सोरेन के दीघार्यु होने की कामना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया



केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते मुख्य अतिथि संजीव बेदिया व कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

ने कहा कि झारखंड प्रदेश में हमारे मुख्यमंत्री दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं जिसका लाभ सभी तबके के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झूठा आरोप लगाकर झारखंड सरकार को अस्थिर करना चाहती है। लेकिन जनता सब देख रही है इसका माकुल जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व हर हाथ को काम दिलाना ही झामुमो का मुख्य उद्देश्य है। श्री बेदिया ने कार्यकताओं से जन समस्याओं को सूचीबद्ध कर उसके निराकरण के लिए पहल करने की बात कही। भुरकुंडा में आयोजित सीएम हेमंत सोरेन के जयंती कार्यक्रम में संजय वर्मा, मुकेश राउत, उदय मालाकार, उदय अग्रवाल, बिरेंद्र यादव, शौकत अंसारी, इस्लाम अंसारी, टिंकु बेदिया, बिहारी बड़ाईक, चरकू गंझू, बासदेव उरांव, सत्यनारायण यादव, मुस्ताक खान, संजीत राम, तुला खान, भोला कुमार, शहनवाज खान, मुन्ना करमाली मौजूद थें।
वहीं उरीमारी में सोनाराम मांझी, संजय वर्मा, रूसतम सोहराब, उदय मालाकार, सत्येंद्र यादव, राजेश सिंह, मोहन सोरेन, बहादुर मांझी, संजय श्रीवास्तव, रामचरण प्रसाद, महावीर प्रसाद, प्रमोद राय, बासदेव उरांव, शहनवाज खान, शंकर साव, उदय मेहता, आनंद कुमार मौजूद थें।

# खेल व खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारेगा झामुमो : विनोद किस्कू

- बलकुदरा रिचीबंध नयाटोला ग्राउंड में 6 दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट का हुआ शुभारंभ
- 14 बालक व 6 बालिकाओं की टीम ने लिया हिस्सा, 15 अगस्त को होगा फाइनल मैच

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन के अवसर पर बलकुदरा रिचीबांधा नयाटोला ग्राउंड में गुरूवार से छह दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, विशिष्ट अतिथि बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष रंजीत बेसरा, धनेश्वर मुंडा, संजय यादव, आजाद राय, अजय महली, राजेश मुंडा, राजेश महतो, नरेश मुंडा व



अतिथियों के साथ खिलाड़ी • फोटोन न्यूज

टुनार्मेंट के संयोजक झामुमो के युवा नेता योगेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच पिठौरिया बनाम पलानी के बीच खेला गया जिसमें पलानी की टीम 0-1 गोल से विजेता बनी। वहीं दूसरा मैच लबगा बनाम तिलैयाटांड़ के बीच खेला गया। जिसमें तिलैयाटांड़ 1-3 से विजेता रही। जबकि तीसरा मैच हुंडरूफॉल बनाम चिकोर के बीच खेला गया। इसमें हुंडरूफॉल की टीम 0-1 से विजयी प्राप्त कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मौके पर मख्य अतिथि विनोद किस्कू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। सिर्फ तराशने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए झामुमो हर संभव मदद करते रहेगी। मौके पर संयोजक योगेंद्र यादव ने बताया कि टुनार्मेंट में कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें 16 बालका व 4 बालिकाओं की टीम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को फाइनल मैच खेला जायेगा। जिसमें विजेता-उपविजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। उद्घाटन से पूर्व मुख्य अतिथि विनोद किस्कू द्वारा केक काटकर सीएम हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन मनाया गया। साथ ही उनके दीघार्यु होने की कामना की गई।

### टुनार्मेंट को सफल बनाने में ये हैं जुटे

टुनार्मेंट को सफल बनाने में संयोजक योगेंद्र यादव, अध्यक्ष सुनील मुंडा, उपाध्यक्ष संजीत मुण्डा, रवि महली, अनिल मुंडा, सचिव, सनी मुंडा, सहसचिव सुभाष यादव, सोनु मुंडा, कोषाध्यक्ष अरविन्द यादव, विवेक प्रसाद, रोशन मुण्डा, यादव, तिलक यादव, साहिल मुण्डा, रूपेश मुण्डा, शशि यादव, चरण सहित सूरज यादव, आनन्द मुडा, संदीप मुडा, रोहित महली, अनिल मुंडा आदि जुटे हैं।

# मेरी माटी- मेरा देश के तहत जुबली कॉलेज में हुआ पौधारोपण, संरक्षण का लिया गया संकल्प

## अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा करेंगे स्वयंसेवक

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** जुबली कॉलेज भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को मेरा माटी मेरा देश के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार 9 अगस्त 16 तक मेरा माटी मेरा देश के तहत महाविद्यालय में कई कार्यक्रम किये जायेंगे। जिसमे गुरुवार को सभी शिक्षक, छात्र छात्राएं व एनएसएस इकाई 1 व 2 के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में आम, अमरूद, लीची, पपीता, गेंदा फूल सहित 40 फलदार व छायादार पौधे लगाये। पौधों के संरक्षण का समुहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा व कार्यक्रम पदाधिकारी विशेश्वर रविदासने



कॉलेज परिसर में पौधारोपण करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं • फोटोन न्यूज

किया। प्रभारी प्राचार्य महेंद्र पाण्डेय ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की ये टीम जागरूकता फैलाने के साथ अपने सामाजिक दायित्वों को बखूबी ईमानदारी पूर्वक निभा रही है। उन्होंने कहा की पौधा प्रकृति का श्रृंगार है। ये पेड़-पौधे हमसबों के प्राणधार हैं। पौधा है तो जीवन है। श्री पांडेय ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों सहित आमजनों से अधिक से अधिक पौधे लगाने व इसे बचाने की अपील की। मौके पर प्रो. राजेश कुमार, प्रो. आर कुमार, डॉ. एकेएस झा, प्रो. टीके झा, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. एसएस पांडेय, प्रो. एन पांडेय, देव प्रकाश प्रसाद, डॉ. बालमुकुंद सिंह, प्रो. रजनी कुमारी, सीमा आदि स्वयंसेवक मौजूद थें।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

# समीक्षा बैठक में रामगढ़ DC ने मतदाता सूची के कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RAMGARH:** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने असंतोष जाहिर करते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।
मौके पर उपायुक्त ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 22 बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र



बैठक में उपस्थित उपायुक्त चंदन कुमार व अन्य कर्मी • फोटोन न्यूज

सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनोज कुमार रंजन को हाउस तो हाउस सर्वे के तहत किये जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने का निर्देश दिया। हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिन व्यक्तियों की वर्तमान में मृत्यु हो चुकी है अथवा कोई व्यक्ति वर्तमान में संबंधित विधानसभा क्षेत्र में निवास नहीं कर रहा हो तो उनका नाम मतदाता सूची से हटाने का कार्य किया गए वहीं जिन व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र में फोटो की समस्या है उनके निराकरण का कार्य भी किया जाए। साथ ही उपायुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 75% हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य अनिवार्य रूप से 16 अगस्त 2023 तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्वाचन संबंधित प्रपत्रों यथा 6, 7, 8 आदि के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए तीव्र गति से आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।
गौरतलब हो कि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में गुरुवार को ही निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 22 बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा सुपरवाइजर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित कार्यों में तेजी लाने, मतदाता सूची को त्रुटीरहित बनाने सहित अन्य कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# मारवाड़ी महिला समिति का तीज मिलन समारोह सम्पन्न



**PHOTON NEWS RAMGARH:** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा रांची रोड स्थित अरिहंत होटल के सभागार में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समिति की सभी सदस्यों ने अपनी भागेदारी करते हुए एक दूसरे को बधाई दी, इस अवसर पर समिति की ओर से विभिन्न प्रकार के गेम तथा अल्पाहार की व्यवस्था की गई , आयोजन का उद्देश्य के संदर्भ में समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि ऐसे आयोजन का उद्देश्य समिति के सदस्यों के बीच परस्पर सामंजस्य एवं सौहार्द को बढ़ाना है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आगामी अंतरराष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर स्थानीय जैन भवन में समिति द्वारा शहर में फैले हुए आंखों के संक्रमण आई फ्लू को देखते हुए आगामी 12/08 /2023 को जैन भवन में निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। निशा जैन ने इस शिविर में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की है जिससे शहर में फैलने वाले संक्रमण पर काबू पाया जा सके। इस अवसर पर सचिव सिंपल बरेलिया, उषा परशुरामपुरिया, ममता अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल ,स्वाति अग्रवाल ,श्वेता बगड़िया ,उर्मिला शाह ,राखी शर्मा, पूनम गर्ग ,सरोज अग्रवाल ,रेनू मित्तल, नैना मेवाड़ ,कुसुम गुप्ता, शारदा अग्रवाल ,शीला जैन, रिद्धि जैन ,गरिमा अग्रवाल, संगीता बुधिया ,विमला जालान, मंजू अग्रवाल ,सुमन चौधरी , निर्मल अग्रवाल आदि शामिल थी।

BRIEF NEWS

## 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू, पहले दिन परेड का हुआ पूर्वाभ्यास



**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा 77वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गोपाल मैदान बिष्टुपुर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह को लेकर परेड में शामिल टुकड़ियों ने पुलिस लाइन, गोलमुरी में पूर्वाभ्यास किया। परेड में जैप 6, जिला पुलिस बल (महिला/ पुरूष), होमगार्ड, एनसीसी (महिला/ पुरूष), स्काउट एवं गाइड की परेड टुकड़ी तथा संत मैरी स्कूल का बैंड दल शामिल हुआ। पूर्वाभ्यास में मौजूद सभी प्लाटूनों द्वारा झंडोत्तोलन, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी एवं राष्ट्र गान का विधिवत पूर्वाभ्यास किया गया । 11, 12 को पूर्वाभ्यास के पश्चात 13 अगस्त को परेड का फाइनल पूर्वाभ्यास किया जाएगा जिसका निरीक्षण जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार संयुक्त रूप से करेंगे ।

## शिक्षक संघ का आरोप, आपत्तियों को दरकिनार कर सत्यापित की गयी सरप्लस शिक्षकों की सूची

**JAMSHEDPUR :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जिले के स्कूलों में स्थानांतरण के लिए जारी सरप्लस शिक्षकों की सूची को बिना किसी संशोधन के सत्यापित करने का आरोप शिक्षक संघ ने लगाया है। झारखंड अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ ने ने जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कहा है कि जिले के सरप्लस शिक्षकों की जो सूची जारी की गयी थी। उस पर शिक्षक संघ ने कई आपत्ति दर्ज कराते हुए उसमें संशोधन की मांग की थी। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि हजने जिन बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज करायी थी बिना उसके निराकरण के ही सूची को सत्यापित कर दिया गया है। जबकि यह सूची जारी ही किया गया था दावा आपत्ति के लिए। संघ की ओर से कहा गया कि जारी सूची एक दो नहीं बल्की आधा दर्जन से अधिक त्रुटियां थीं। हमें इसे विभाग को बिंदुवार बताया भी था लेकिन इसके बाद भी इस सूची में संशोधन नहीं किया गया है जो सही नहीं है। इस दौरान संघ ने डीएसई से पुनः उनकी आपत्तियों के आलोक में सूची को संशोधित करने की मांग की।

## बागबेड़ा में युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा थाना अंतर्गत लाल बिल्डिंग चौक के पास गुरुवार रात एक युवक का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उठाकर सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के गले में चोट के निशान पाए गए है। चोट को देखकर लगता है कि उसके गले पर धारदार हथियार से वार किया गया है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस युवक की पहचान करने में जुटी है।

## सफारी रॉयल्स व नैनो वॉरियर्स बने टाटा मोटर्स इंटर बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता

**JAMSHEDPUR :** टाटा मोटर्स इंटर डिविजन बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को महिला वर्ग में फाइनल मैच सफारी रॉयल्स और इंडिगो फाइटर्स के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन सफारी रॉयल्स ने दो सीधे सेटों (पहला सिंगल और डबल्स) में इंडिगो फाइटर्स को हरा कर मैच जीत लिया। सफारी रॉयल्स की रूथ सरोन पर्किन्स को महिला वर्ग में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में फाइनल मैच टाटा कमिंस और नैनो वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें नैनो वॉरियर्स के खिलाड़ियों ने पूरे कोर्ट में अपना दबदबा बनाए रखा और 2-1 के अंतर से जीत दर्ज की। नैनो वॉरियर्स के तेजस साहा को पुरुष वर्ग में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### पेयजल-स्वच्छता विभाग के कार्यपालक व कनीय अभियंता पर थाने में शिकायत दर्ज

# पानी के बिना दो हजार FAMILY परेशान, पलायन के लिए मजबूर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पिछले 6 दिनों से मानगो के कई इलाकों में जलापूर्ति नहीं होने के चलते लगभग 2 हजार परिवार के लोग परेशान है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने उलीडीह थाने में दोषी पदाधिकारियों पर शिकायत कराया है। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं होने से कई लोग दूसरे जगह अपने परिवार को लेकर जाने को मजबूर है। इसे लेकर भाजपा नेता विकास सिंह ने विभाग के अभियंताओं से मामले की जानकारी ली। जिसमें अभियंताओं ने बताया कि वाल्ब पूरी तरह टूट चुका है। जिसका मरम्मत नहीं किया जा सकता इसलिए कोलकाता से मंगवाने की व्यवस्था की गई है। अभी चार से पांच दिन और लगने की संभावना। ऐसे में स्थानीय लोगों ने उलीडीह थाना में कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार एवं कनीय अभियंता पंडित महतो के ऊपर शिकायत दर्ज कराया गया ।



विरोध प्रदर्शन करते लोग। ● फोटोन न्यूज

**कई इलाकों में नहीं हो रही जलापूर्ति:** भाजपा नेता विकास सिंह ने बताया कि मानगों के संकोसाई रोड नंबर 5, कालिका नगर, टीचर्स कॉलोनी, मूर्ति लाईन,मुंडा कॉलोनी, एकता नगर ,जयप्रकाश नगर, अखाड़ा गली, सुभाष कॉलोनी एवं हयात नगर तथा आसपास के इलाकों में पिछले 6 दिनों से पानी की आपूर्ति बंद है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने अभियंता एवं कनीय अभियंता को जेल भेजने के नारे जमकर लगाया। विकास सिंह ने बताया कि कई कर्मचारी है जो अपना नाम नहीं बताने के शर्त पर अंदर की सच्चाई बताई।

कर्मचारियों ने बताया कि कामकाजी उपकरण मोटर, वाल्ब, स्टेरिंग, पैनल बोर्ड आदि का रखरखाव कभी नहीं किया जाता है बीच-बीच में ग्रीसिंग, मोबिल का बदलाव के साथ-साथ अगर साफ सफाई की जाती और समय समय में इसका मेंटेनेंस किया जाता तो उपकरण कभी खराब नहीं होते। कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा कभी भी संवेदक को उपकरण को सुरक्षित एवं देखरेख करने का निर्देश नहीं दिया जाता है जैसे तैसे उपकरण को चलाया तब तक जाता है जब तक वह पूरी तरह तहस नहस नहीं हो जाता।

विकास सिंह ने थाने में दिए आवेदन में थानेदार से निवेदन किया है की कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार एवं कनीय अभियंता पंडित महतो ने जानबूझकर लोगों को थोड़े से लालच में पानी के बिना प्रताड़ित और परेशान करने का कार्य करते आ रहे हैं। अभियंताओं की गलती का खामियाजा लोग विगत एक सप्ताह से भुगत रहे हैं। जिसके पास पैसा है वे पानी खरीद ले रहे हैं और जिसके पास पैसा नहीं है वे पलायन करने को मजबूर हो गए हैं ।

शिकायत शिकायत दर्ज कराने में मुख्य रूप से विकास सिंह, प्रोफेसर यूपी सिंह, राजेश साव, छोटेलाल सिंह, दुर्गा दत्ता, अजय लोहार, मनोज ओझा राम सिंह कुशवाहा, जीतू गुप्ता, श्याम सिंह, जय मंगल सिंह, शिव शंकर साव, सुशील शर्मा, सीता देवी, पूनम गुप्ता, संजू देवी, प्यारेलाल शाह, संजीत शर्मा, सुबीर पाल, परमानंद साव, रीता देवी, अंजू देवी, लक्ष्मी कुमारी, पंचा देवी, चिंता देवी, रीना देवी, उषा देवी, रिंकू देवी, शिव कुमारी देवी, सुनील तिवारी आदि उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट की अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

### हिल टॉप बना विजेता व एलएफएस उप विजेता



पुरस्कार के साथ विजेता व उपविजेता टीम। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट द्वारा मैं किशोर हूं, मैं बदल गया हूं, क्या मैं अलग हूं? विषय पर अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोलमुरी क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख 9 स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए प्रतिष्ठित न्यायाधीशों का एक पैनल उपस्थित था। सर्वश्रेष्ठ हिल टॉप स्कूल और उप विजेता लिटिल फ्लावर स्कूल की टीम बनी। प्रथम वक्ता विजेता आदर्श कुमार एसडीएसएम और सुनेत्रा लारू हिल टॉप रहे। इसी प्रकार उप विजेता वक्ता सौम्या सिन्हा हिल टॉप और तरूणा सुदर्शन लिटिल फ्लावर स्कूल रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसका प्रायोजित आरटीएन कुणाल कर द्वारा किया गया था।

इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष प्रेमा गोगना ने कहा कि अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिताएं छात्रों के लिए अपने वाद-विवाद कौशल को प्रदर्शित करने और विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान को बढ़ाने का एक उत्कृष्ट मंच है। निदेशक सुषमा पांडे ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को स्वस्थ चचाओं में शामिल होने और उनकी महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष प्रेमा गोगना और निदेशक सुषमा पांडे के कुशल नेतृत्व में रोटेरियन मनीष जैन, आरटीएन तामली, और आरटीएन अनीता पॉल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों को भी मिलेगा प्रोन्नति का लाभ, आदेश जारी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत इन शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडो में प्रोन्नति देने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आदेश के अनुसार अब वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों को भी प्रोन्नति का लाभ मिलेगा। जबकि इससे पहले इनके प्रोन्नति को लेकर कोई प्रावधान नहीं था और सिर्फ स्नातक कला एवं विज्ञान के शिक्षकों को ही विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति दी जाती थी। जिसके विरोध में शिक्षकों ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका संख्या 6008/2022 दायर किया गया था।

इस संबंध में सचिव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा सच्चिदानंद दिव्येन्दु तिग्गा, उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर वाणिज्य स्नातक शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान कोटि में रखते हुए प्रोन्नति देने हेतु निर्णय लेकर प्रतिवेदन देने का आदेश दिया गया था। इस बार 3 सदस्य कमेटी द्वारा वाणिज्य स्नातक शिक्षकों के पक्ष में प्रतिवेदन समर्पित किया गया इसके उपरांत विभाग द्वारा सम्यक विचारों प्रांत वाणिज्य स्नातक शिक्षकों को प्रोन्नति देने संबंधित विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया।

### राज्य के हजारों शिक्षकों को होगा फायदा

प्रोन्नति को लेकर यह आदेश सभी जिलों को जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि प्रोन्नति के समय जिला शिक्षा अधीक्षक वाणिज्य स्नातक शिक्षकों को भी शामिल करते हुए मेधा सूची तैयार करें। विदित हो कि इस फैसले से राज्य के हजारों शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इन शिक्षकों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है। इनकी मानें तो उन्हें वर्षों से उन्हें अपने अधिकार से वंचित किया गया है। लेकिन अब जाकर न्याय मिला है।

## करीम सिटी कॉलेज में नए छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत, पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैम्पस) जमशेदपुर में इंटरमीडिएट के नए सत्र 2023-2025 के नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार को स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज और कॉलेज के प्रभारी डॉ शैख अनवर अली उपस्थित थे। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिकता और बुद्धिमत्ता की बात की।



विद्यार्थियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते प्राचार्य। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी के लिए सबसे आवश्यक जो बात है वह है अनुशासन जिसकी गरिमा बनाए रखना विद्यार्थियों का धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा महाविद्यालय न केवल पठन-पाठन पर केंद्रित है बल्कि विद्यार्थियों में एक बहुमुखी व्यक्तित्व को उभारने के लिए टीम वर्क , कुशल नेतृत्त्व, दृढ़ संकल्प, स्वभाव में लचीलापन, आत्मविश्वास तथा आत्म सम्मान आदि जैसे व्यक्तिगत गुणों को विकसित करने का प्रयास किया जाता है।

प्रभारी डॉ अनवर अली ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने जीवन में तभी सफल हो सकते हैं जब वे अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसके लिए मेहनत करें। मंच का संचालन दरख्शां आफ्ताब तथा धन्यवाद ज्ञापन फैजा मकसूद द्वारा किया गया। विज्ञान के प्रभारी शाहनवाज आलम, वाणिज्य के प्रभारी मोहम्मद फिरोज खान और कला के प्रभारी महजबीन नाज सिद्दीकी ने बच्चों को कॉलेज की नियमावली से अवगत कराते हुए समय सारणी से परिचित कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

## फाइलेरिया मुक्त झारखण्ड के लिए 9 जिलों में शुरू किया गया मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के वर्चुअल शुरूआत करने के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरु वार से राज्य के 9 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के तहत चतरा , हजारीबाग, लातेहार, पलामू, सरायकेला, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा और प. सिंहभूम में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए कार्यक्रम शुरू हुआ।



बैठक में मौजूद मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य अन्य। ● फोटोन न्यूज

यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य), अरुण कुमार सिंह, अभियान निदेशक, आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक, विद्यानंद शर्मा पंकज, निदेशक प्रमुख, डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण किशोर एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य जिस प्रकार कालाजार के उन्मूलन के अंतिम पड़ाव पर है उसी तरह झारखण्ड से फाइलेरिया का उन्मूलन भी शीघ्र होगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्त झारखण्ड बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता के साथ ही अंतर-विभागीय समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि शुरू हुए अभियान में लगभग 1 करोड़ 34 लाख लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाएं निःशुल्क दी जायेगी। वहीं

राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य), अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सभी 9 जिलों में से हजारीबाग और प. सिंहभूम जिला में 2 दवाओं डीईसी और अल्बेंडाजोल एवं अन्य 7 जिलों में 3 दवाओं डीईसी, अल्बेंडाजोल के साथ आईवरमेंक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों द्वारा बूथ एवं घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी। ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। ये दवाएं 2 साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं दी जाएंगी। याद रहे कि ये दवाएं खाली पेट नहीं खानी हैं। रैपिड रिस्पांस टीम दवा के सेवन के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं के साथ मौके पर सक्रिय रहेगी।

## भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन किये गये याद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट जमशेदपुर में भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक स्व. डॉ. एस. आर. रंगनाथन याद किये गये। उनकी स्मृति में संस्थान के सर जहांगीर गांधी लाइब्रेरी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एसजे उपस्थित थे।



क्विज प्रतियोगिता की विजेता को प्रशस्ति पत्र देते फादर। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो व अन्य प्रोफेसरों के साथ संयुक्त रूप से स्व. डॉ. एस. आर. रंगनाथन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने सभी को संबोधित करते हुए पुस्तकों के महत्वों से अवगत कराया। कहा कि हर इंसान के जीवन में पुस्तक व पुस्तकालय का अहम योगदान है। उन्होंने किताबों को अपना दोस्त बनाने का आह्वान किया। मौके पर लाइब्रेरी द्वारा विकसित इंस्टीट्यूशनल रिपोजिटरी की भी शुरूआत की गयी। साथ ही पिछले दो अगस्त 2023 को आयोजित क्विज के विजेता को पुरस्कृत किया गया।

इससे पूर्व शबनम अंसारी ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने अतिथियों का जहां स्वागत किया वहीं डॉ. एसआर रंगनाथन की करियर यात्रा पर प्रकाश डाला। मौके पर अबुजर हुसैन और सावन कुमार प्रसाद ने डीस्पेस सॉफ्टवेयर के साथ डिजाइन व नई लांच की गई संस्थागत रिपोजिटरी का प्रदर्शन किया। डीन एकेडमिक्स प्रो संजय पात्रो ने पुस्तकालय और इसकी कार्यक्षमता के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने पुस्तकालय टीम की उनकी सेवा के लिए प्रशंसा की और इस औपचारिक समारोह में एकत्र हुए संकाय, स्टाफ सदस्यों, विद्वानों और छात्रों को भी बधाई दी। उन्होंने लाइब्रेरी के वर्चुअल टूर का एक वीडियो लांच किया।

### BMKU में दो शिक्षकों डॉ. रेणु सिन्हा और डॉ. वीणा झा शर्मा के साथ अमर्यादित व्यवहार पर शिक्षकों ने जताया

# संविदा आधारित शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के आह्वान पर कोल्हान विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी सात विश्वविद्यालय में आवश्यकता आधारित शिक्षकों गुरूवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। बीबीएमकेयू में आवश्यकता आधारित शिक्षक डॉ. रेणु सिन्हा और डॉ. वीणा झा शर्मा के साथ महाविद्यालय और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के द्वारा अमर्यादित व्यवहार किये जाने का विरोध कर रहे हैं। मालूम हो कि बिते दिनों एसएसएलएनटी महाविद्यालय धनबाद की शिक्षिका डॉ. वीणा झा शर्मा ने प्राचार्या और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के प्रताड़ना से तंग आकर कॉलेज कैंपस में ही आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उसके कुछ दिन पूर्व स्टील सिटी कॉलेज बोकारो की शिक्षिका डॉ. रेणु सिन्हा ने प्राचार्य और विभागाध्यक्ष पर प्रताड़ना की शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन प्रिंसिपल के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ का आरोप है कि लगभग सभी विश्वविद्यालयों में आवश्यकता आधारित संविदा शिक्षकों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता है। मानदेय में भारी कटौती कर उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। इन्ही सब घटनाओं के विरोध में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के आवश्यकता आधारित शिक्षकों काला बिल्ला लगाकर कार्य किया।





काला बिल्ला लगाकर विरोध जताते राज्य के सभी विवि के शिक्षक। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान शिक्षक संघ ने राज्यपाल के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

1. आवश्यकता आधारित संविदा शिक्षकों को प्रताड़ित करने वाले पदाधिकारियों पर अविलंब कार्यवाई की जाए।
2. चूंकि ये सारे शिक्षक यूजीसी के मापदंडों को पूरा करने के बाद, झारखंड सरकार द्वारा तय आरक्षण रोस्टर को पालन करते हुए नियुक्त किये गए हैं, इसलिए इनकी सेवा को नियमित किया जाये।
3. सरकार जब तक सेवा नियमित नहीं करती तब तक इन्हें यूजीसी द्वारा सहायक प्राध्यापकों को दिये जाने वाले मानदेय फिक्स करते हुए इनकी सेवा 65 सालों के लिए कर दिए जाएं।
4. आवश्यकता आधारित शिक्षकों का मानदेय में कटौती करने वाले महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

## कोल्हान विवि के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग ने मनाया आदिवासी दिवस



मौके पर मौजूद कोल्हान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आदिवासी दिवस के अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग ने विद्यार्थियों के साथ उत्साह पूर्वक आदिवासी दिवस मनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. अर्चना सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसार उन चीजों को ध्यान केंद्रित करें जो वास्ताविक मूल्यों को समाज में जोड़ कर रखता हो और समाज उसका अनुसरण कर सके। वर्तमान में बहुत सी कुरीतियां समाज में भरी हुई है जो समाज के अंदर से दिनों दिन अंधकार की ओर ले जा रही है। उन चीजों को को दूर करने की जिम्मेदारी आज के युवा वर्ग के विद्यार्थियों को है। जो समाज को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाती है। इसके लिए समाज के अंदर शिक्षा का महत्व होना बहुत जरूरी है। यह समाज के लिए बहुत बड़ी ताकत को दशार्ती है। इस विशेष अवसर पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विद्यार्थियों को आदिवासी दिवस के बारे विस्तृत पूर्वक जानकारियां दी गई। साथ ही विभाग के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर अपना भाषण और गीत प्रस्तुत किये।

# केरल से केरलम


नए नाम की ध्वनि में एक मधुरता है, केरल राज्य का नाम केरलम होने जा रहा है। नाम बदलने की चर्चा पहले भी होती रही है और अब केरल की विधानसभा ने भी इस पर मुहर लगा दी है। नाम बदलने संबंधी प्रस्ताव को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सदन में पेश किया और सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसे पारित कर दिया। प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मलयालम में हमारे राज्य का नाम केरलम ही है। तथ्य है कि 1 नवंबर, 1956 को देश में भाषायी आधार पर राज्यों का गठन किया गया था। इसी दिन केरल का स्थापना दिवस भी मनाया जाता है। यह भी एक तथ्य है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ही सभी मलयालमभाषी लोगों के लिए एक संयुक्त केरल राज्य बनाने की मांग की गई थी, जिसे तब की सरकार ने मान लिया था। स्थानीय स्तर पर साहित्य व संस्कृति के क्षेत्र में केरलम नाम की चर्चा होती है, पर आम तौर पर देश में इसकी चर्चा कम ही हुई है। अब यथोचित प्रक्रिया का पालन करते हुए केरल सरकार ने केंद्र सरकार से संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत सभी आधिकारिक भाषाओं में राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के लिए जरूरी संशोधन का अनुरोध किया है। जाहिर है, केंद्र सरकार को अगर यह प्रस्ताव मंजूर हुआ, तो दक्षिण के इस सुंदरतम राज्य का नाम पहले की तुलना में ज्यादा सुंदर और संगीतमय हो जाएगा। वैसे पश्चिम बंगाल सरकार ने भी अपने राज्य का नाम बदलकर बांगला रखने का प्रस्ताव कर रखा है। लगभग हर साल देश में अनेक गांवों और शहरों के नाम बदलते रहते हैं, लेकिन राज्य के नाम बदलने का फैसला कम ही होता है। यह कोई पहला मामला नहीं है, जब किसी राज्य का नाम बदला है। स्वयं केरल क्षेत्र का नाम 1 नवंबर 1956 से पहले त्रावणकोर-कोचीन हुआ करता था। मध्य प्रदेश का नाम पहले मध्य भारत था। तमिलनाडु का नाम मद्रास स्टेट था। कर्नाटक क्षेत्र पहले मैसूर राज्य कहलाता था। हाल के वर्षों की बात करें, तो उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड हुआ। उड़ीसा बदलकर ओडिशा हो गया। उसके पहले नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (नेफा) का नाम अरुणाचल प्रदेश किया गया। केंद्र शासित प्रदेश पांडिचेरी का पुडुचेरी कर दिया गया। जनभावनाओं के अनुरूप नाम बदलने की प्रक्रिया कतई गलत नहीं है और सत्तारूढ़ राजनीतिक दल उसी के अनुरूप मांग करते रहे हैं। नाम की अपनी राजनीति भी है और रणनीति भी। किसी की पहचान के साथ उसके नाम की बड़ी भूमिका होती है। बांगला और केरलम जैसे नाम अपने-अपने राज्य की पहचान को पुष्ट करने वाले हैं। नाम बदलने का यह दौर नया नहीं है, पर इधर के वर्षों में यह प्रक्रिया तेज हो गई है। भाजपा ही नहीं, वामपंथी पार्टियों को भी नाम बदलने से कोई परहेज नहीं है। केरल से केरलम करने का फैसला उस राज्य की वाम सरकार ने ही लिया है। नाम बदलने का फैसला पारंपरिक के साथ-साथ आधुनिकता का भी परिचायक है। दरअसल, यह अपनी पुरानी और सशक्त पहलुओं की खोज भी है। जब हम कुछ सक्षम हुए हैं, तब हम परंपरागत और आधुनिक, दोनों ही तरह की अपनी खूबियों को साथ लिए आगे बढ़ना चाहते है।

# तल्ख तेवर

विपक्ष की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान बुधवार को बहस की शुरूआत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने की। उनके भाषण का इंतजार एक दिन पहले से किया जा रहा था क्योंकि मंगलवार को कांग्रेस की ओर से ट्वीट करके बता दिया गया था कि अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से पहले वक्ता राहुल गांधी होंगे। हालांकि आखिरी पलों में प्लान फिर से बदलते हुए गौरव गोगोई से ही चर्चा की शुरूआत करवाई गई, जिस पर सत्तारूढ़ पक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर सवाल भी उठाया। लेकिन हर पार्टी को अपनी रणनीति में जब चाहे बदलाव करने का हक है। इसलिए इन आपत्तियों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा सकती। हां, यह सवाल जरूर किया जा सकता है कि राहुल गंधी ने अपने भाषण में जिस तरह की आक्रामकता दिखाई और जितने तीखे शब्दों का प्रयोग किया क्या सचमुच उसकी जरूरत थी। इसमें दो राय नहीं कि पिछले तीन महीने से भी ज्यादा समय से मणिपुर के हालात बहुत खराब हैं। वहां हुई घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। लेकिन क्या मणिपुर भारत का अंग नहीं रहा? क्या राज्य अभी भी एक इकाई बना हुआ नहीं है? क्या सत्तारूढ़ पक्ष को देशद्रोही बताने से हालात सुधारने में कोई मदद मिलने वाली है? विपक्ष को अपनी बात कहने का पूरा हक है, लेकिन राज्य पहले से ही खतरनाक और संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। ऐसे में हालात को और बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना क्या ठीक माना जाएगा। बहरहाल, राहुल गांधी के भाषण पर कइयों की नजरें टिकी थीं और उन्होंने अपने इस बेहद तीखे, आक्रामक भाषण से सरकार पर विपक्षी हमलों का टोन सेट कर दिया। यह बात पहले से ही कही जा रही थी कि विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का एकमात्र मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में मणिपुर पर बयान देने के लिए मजबूर करना है। राहुल गांधी ने अपने भाषण को लगभग पूरी तरह मणिपुर पर केंद्रित रखकर यह साबित किया कि विपक्ष सरकार के लिए चर्चा इधर-उधर ले जाने की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहता। राहुल गांधी ने आइडिया ऑफ इंडिया के उस मुद्दे को भी इसी में जोड़ दिया, जो मोदी सरकार पर उनका मुख्य आरोप रहा है कि यह सरकार आइडिया ऑफ इंडिया पर हमले कर रही है, कि भारत की विविधताओं को अक्षुण्ण रखने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



जन्मदिन के अवसर पर आदरणीय माँ-बाबा से आशीर्वाद लिया। जन्मदिन के अवसर पर देश और राज्य के कोने-कोने से कई लोगों के शुभकामना संदेश आ रहे हैं। आप सभी के इस अपार स्नेह, प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। आप सभी का यह साथ मुझे दिन-रात झारखण्डवासियों के हक-अधिकार के लिए काम करने की शक्ति देता है। आप सभी को अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार और जोहार।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



दो दिनों से देख रहा हूँ कि आदिवासी दिवस अवसर पर सरकारी कार्यक्रमों के पोस्टर, बैनर और देशव्यापी करोड़ों के विज्ञापनों में झारखंड के महान वीर आदिवासी क्रांतिकारियों सिदो-कान्हू, चॉद-भैरव, तिलका मॉझी, वीर भगवान बिरसा मुंडा जैसे विभूतियों को कोई जगह नहीं दी गई है। आदमी सत्ता के अहंकार में जब महान वीर क्रांतिकारियों का तिरस्कार करने लगे, तो समझ लीजिए कि वह विचारधारा और दल अपनी आखिरी सांसे गिन रहा होता है और उसका अंत करीब है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह सोरेन राज परिवार के डायरेक्टशीप में चल रही झामुमो के साथ यही है। आदिवासी महोत्सव और जीवन दर्शन की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर आदिवासियों की जमीन लूट-हड़प कर अरबपति बनने वाले वाले पिता - पुत्र₹ अपनी झलकियां दिखा रहे हैं। यह झारखंड की महान विभूतियों का अपमान है।झारखंड की जनता अपने महान विभूतियों का ये अपमान कभी बर्दाशत नहीं करेगी। इंतजार करिये यही आदिवासी समाज अगले चुनाव में आपको आपके किये की सजा देकर सबक सिखायेगी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# अध्यादेश पर विपक्षी गठबंधन की फजीहत

**ANALYSIS**



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाए थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गए। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं। जब से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ, तब से विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थन में हंगामा छोड़ कर संसद की कार्यवाही में शामिल हो गए। कांग्रेस के नेता जानते थे कि उन्होंने दिल्ली के लिए जो संवैधानिक प्रावधान किए थे, अध्यादेश उसी के अनुरूप था। केजरीवाल भी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को समझते थे। इसे समझते हुए ही उन्होंने बेशुमार चुनावी वादे किए थे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य होगा तभी वह सब वादे पूरे करेंगे। वह पूर्ण राज्य क्यों चाहते थे, यह भी कुछ घण्टों में पता चल गया। फाइलों को गायब करने और जांच को प्रभावित करने के काम किए गए। इसके चलते ही केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा। विपक्षी गठबंधन को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये।**

अध्यादेश पर आम आम आदमी पार्टी का साथ देना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर भारी पड़ा। संसद में उसे असहज स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि चर्चा के दौरान आबकारी घोटाला, अरविंद केजरीवाल के शीशमहल निर्माण घोटाला, इससे सम्बन्धी फाइलों को गायब करने के प्रयास आदि भी चर्चा में आ गए। यह भी पता चला कि दिल्ली विधानसभा और केजरीवाल मंत्रिमण्डल की बैठकें भी संवैधानिक भावना के अनुरूप नहीं होती थी। इसमें केजरीवाल की मनमानी व्यवस्था लागू रहती थी। इन तथ्यों के सामने आने पर अध्यादेश का विरोध करने वालों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। संदेश यह गया कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए आप सरकार के कथित घोटालों और अलोकतांत्रिक तौर-तरीकों का समर्थन कर रहा है, उसका बचाव कर रहा है। विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाए थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गए। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं। जब से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ, तब से विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थन में हंगामा छोड़ कर संसद की कार्यवाही में शामिल हो गए। कांग्रेस के नेता जानते थे कि उन्होंने दिल्ली के लिए जो संवैधानिक प्रावधान किए थे, अध्यादेश उसी के अनुरूप था। केजरीवाल भी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को समझते थे। इसे समझते हुए ही उन्होंने बेशुमार चुनावी वादे किए थे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य होगा तभी वह सब वादे पूरे करेंगे। वह पूर्ण राज्य क्यों



चाहते थे, यह भी कुछ घण्टों में पता चल गया। फाइलों को गायब करने और जांच को प्रभावित करने के काम किए गए। इसके चलते ही केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा। विपक्षी गठबंधन को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। क्या वह आप सरकार के इस कार्य से सहमत थी। अन्यथा अध्यादेश का विरोध क्यों कर रही थी। देश के किसी भी केंद्र शासित राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला है। केजरीवाल को भी यह संवैधानिक स्थिति स्वीकार करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की शर्त लगाई थी। उसका कहना था कि दिल्ली सम्बन्धी अध्यादेश पर कांग्रेस उसका समर्थन करेगी तभी वह गठबंधन का हिस्सा बनेगी। पहले कांग्रेस इस विषय पर असमंजस में थी। दिल्ली उसी संवैधानिक व्यवस्था से संचालित हो रहा था, जिसका प्रावधान कांग्रेस की सरकार ने किया था। इसके अनुरूप कांग्रेस की शीला दीक्षित ने पंद्रह वर्षों तक सरकार चलाई थी। दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक से पारित हो गया। यह निर्णय संविधान के अनुरूप था। गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि आप के निशाने पर सतर्कता विभाग था। जिससे घोटालों की जांच को प्रभावित किया जाए। उसके पास आबकारी घोटाले की फाइल, मुख्यमंत्री के नये बने आवास को अवैध रूप से बनाये जाने से संबंधित फाइल, बीएसईएस से संबंधित फाइल, एक कंपनी पर इक्कीस हजार करोड़ रुपये के बकाया होने के बावजूद उसे फिर फंड देने से संबंधित फाइल जांच के लिए पड़ी हैं। केजरीवाल सरकार देश की ऐसी सरकार है, जिसके कार्यकाल में विधानसभा का सत्रावसान ही नहीं होता। जब राजनीतिक भाषण देना होता है तो विधानसभा का आधे दिन का सत्र बुला लिया जाता है। 2021 से 2023 के बीच अब तक हर साल केवल एक-एक सत्र बुलाए गये हैं। वह भी बजट के लिए। इसी तरह केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2022 में कैबिनेट की मात्र छह बैठकें बुलायीं, वर्ष 2023 में केवल दो ही बैठकें बुलायीं। यह बैठकें भी मुख्यतः बजट को लेकर थीं। पिछले दो वर्षों से विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की एक भी रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी। अगर विपक्ष को मणिपुर या देश के किसानों और अन्य हितों की चर्चा होती तो वे इसी सत्र में पारित नौ विधेयकों की चर्चा में जरूर भाग लेते क्योंकि वे विधेयक भी महत्वपूर्ण थे। विपक्ष को केवल अपना गठबंधन टूटने का डर था और वे इस विधेयक पर चर्चा में केवल अपना गठबंधन बचाने के लिए आये हैं। आम आदमी पार्टी का जन्म नई राजनीति के दावे के साथ हुआ था। जिसमें ईमानदारी और वीआईपी कल्चर की समाप्ति का वादा किया गया था। इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने एक प्रकार का मोहक तिलिस्म भी बनाया था। कभी अपनी चर्चित नीली वैगन आर कार की सवारी, ऑटोरिक्शा की सवारी, मेट्रो की सवारी, ये सब उनके इसी तिलिस्म के हिस्से थे। इनके माध्यम से केजरीवाल आम लोगों के सामने नई राजनीति की इबारत लिखने की अपनी कोशिश का प्रदर्शन कर रहे थे। दावा किया गया कि पार्टी की मोहल्ला समिति और दिल्ली के आम लोग ही पार्टी की नीतियों या फैसलों के बारे में सभी फैसले लेंगे। अन्ना हजारे के जनलोकपाल आंदोलन की विरासत का भी आम आदमी पार्टी को भरपूर फायदा मिला। लेकिन सत्ता में पहुँच कर इन्होंने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। केजरीवाल ने अपने आवास के सौंदर्यीकरण पर 45 करोड़ रुपये खर्च किए थे। कांग्रेस ने दावा किया है कि केजरीवाल के बंगले पर 45 करोड़ नहीं बल्कि 171 करोड़ रुपये खर्च किए गए। सौंदर्यीकरण पर उस वक्त यह खर्च किया गया, जब दिल्ली कोविड महामारी से जूझ रही थी। केजरीवाल ने जिन पर घोटालों के आरोप लगाए थे, वे विपक्षी गठबंधन में शामिल हैं। वैसे आप सरकार पर भी अब उसी तरह के आरोप हैं। आबकारी विभाग की अनियमितता ने सरकार की छवि पूरी तरह धूमिल कर दी है। केजरीवाल की आबकारी नीति सवालों के घेरे में है। दो वर्ष पहले चार हजार करोड़ राजस्व मिला। इसके अगले वर्ष 33 सौ करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ। इस वर्ष करीब डेढ़ सौ करोड़ का ही राजस्व मिला। पिछले साल से लगभग तीन हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ। भाजपा ने कहा कि दिल्ली सरकार शराब ज्यादा बिकने का प्रचार नहीं कर सकती लेकिन एक पेटी के साथ एक फ्री बिक रही थी, इसका प्रचार किया जा रहा था और बाहर से आकर भी लोग खरीद रहे थे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की एक्साइज पॉलिसी लागू करने के मामले में हुई कथित गड़बड़ियों की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी।

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# जीवन में संतुलन के लिए प्रकृति संरक्षण जरूरी

विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। विश्वभर में मौसम चक्र में निरन्तर आते बदलाव और बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता परिषद, ह्यइंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडायवर्सिटी एंड इकोसिस्टम सर्विसेजह्ण (आइपीबीईएस) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में करीब 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है क्योंकि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य और उनकी जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंच रहा है। मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज का ही असर है कि इन दिनों अपेक्षाकृत ठंडे रहने वाले यूरोप और अमेरिका जैसे इलाके भी ग्लोबल वार्मिंग के कारण बुरी तरह तप रहे हैं। उत्तरी ध्रुव से लेकर यूरोप, एशिया, अफ्रीका, हर कहीं जलवायु परिवर्तन के खौफनाक दुष्परिणाम नजर आ रहे हैं। कहीं ठंडे इलाके भी भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं तो कहीं सूखे इलाके बाढ़ से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जंगल झुलस रहे हैं। शोधकताओं का कहना है कि इंसानी गतिविधियों के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में इस सदी के अंत तक 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों के लिए 10 गुना खतरा बढ़ जाएगा। पर्यावरण के इस तेजी से बदलते दौर में भली-भांति यह समझ लेना होगा कि जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इन समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है कि प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि प्रकृति का संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अब अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आने लगी है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सबको भी अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर दुनियाभर में जो छेड़छाड़ हो रही है, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। पर्यावरण संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। जब भी कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आती है तो हम प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि यदि हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने निहित स्वार्थों के चलते हम यदि प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ बंद नहीं करते तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं। मानवीय क्रियाकलापों के ही कारण वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन तथा पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन विकास के नाम पर एक ही झटके में हजारों पेड़ों का सफाया कर दिया जाता है। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें स्वयं विचार करना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? हर बात के लिए सरकार से अपेक्षाएं करना ठीक नहीं।

# जो लाते हैं उदास चेहरों पर मुस्कान

मणिपुर से लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की खबरों के बीच एक उम्मीद अवश्य जागती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी, पर दंगों की चपेट में आए लोगों के इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आए। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवाईं। याद रखिए, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है। देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निमार्ता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं। बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे। मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ-जा सकें। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर आयोजित करते है। यकीन मानिए कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव हैं। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है। मैं बिजनेस और इंडस्ट्री की गतिविधियों को भी फॉलो करता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि बिजनेस करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। तमाम तरह की अड़चनों को पार करके आप बिजनेस करते हैं और फिर टैक्स देते हैं। यह सब करने के बाद समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का होना बहुत बड़ी बात है। मैं दिल्ली में पृथ्वीराज रोड से गुजरते हुए दो शख्सियतों के घरों को देखकर कुछ पलों के लिए ठहर जाता हूं या मेरी नजरें झुक जाती हैं। मैं बात कर रहा हूं बाबा साहेब आंबेडकर और जेआरडी टाटा के घरों की। ये दोनों महान विभूतियां पृथ्वीराज रोड पर अलग-अलग समय में रहीं। दोनों ने हमारे देश को बेहतर बनाने में अपना ठोस रोल निभाया। जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को खड़ा किया। उन्होंने देश में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र को भरपूर सहयोग किया। जहां तक बाबा साहेब की बात है तो उन्होंने देश को एक शानदार संविधान देने में अहम भूमिका निभाई।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



राज्य में 839 कामर्स प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान कोटि में प्रोन्नति देने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई। इस लंबित मांग के पूरी होने का दूसरा पहलू यह भी है कि इस आदेश से विभाग का कोर्ट केस में व्यापक कमी आएगी। दरअसल, राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 में मात्र विज्ञान एवं कला स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को ही प्रोन्नति का प्राविधान है। राज्य के प्रारंभिक विद्यालय में कार्यरत वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों की प्रोन्नति सामाजिक विज्ञान कोटि में किए जाने के बिंदु पर निर्णय लेने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति की ओर से उपलब्ध कराए गए मंतव्य में कहा गया कि स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान की प्रोन्नति से भरे जाने वाले 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरुद्ध तैयार की जाने वाली वरीयता सूची में वाणिज्य स्नातक योग्यता एवं अर्हताधारी शिक्षकों का नाम शामिल किया जाना उचित है। एनसीटी के निर्देश, उच्च न्यायालय के न्यायादेश, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का परामर्श और गठित समिति द्वारा प्राप्त मंतव्य के आलोक में विचार किया गया। इसके बाद निर्णय लिया गया कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालय के वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों की प्रोन्नति सामाजिक विज्ञान की कोटि में की जाए। उच्च तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विभाग द्वारा भी प्रतिवेदित किया गया है कि कामर्स पाठ्यक्रम के आधार पर प्राप्त की गई स्नातक की योग्यता को सामाजिक विज्ञान की श्रेणी में रखा जा सकता है। राज्य के प्रारंभिक शिक्षकों के प्रमोशन को ले सचिव स्कूल शिक्षा विभाग का यह बड़ा फैसला कहा जा सकता है।

**राजकुमार महतो, अध्यक्ष महावीर मंडल सुकुरहुट्टू कांके।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# जिला में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ लोगों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की टेबलेट

## उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सदर अस्पताल परिसर में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का स्वागत, उपरांत दीप प्रज्वलन तथा उपायुक्त एवं अन्य जनों के द्वारा डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक लेकर अभियान को गति प्रदान किया गया। इस अभियान तहत जिला अंतर्गत 10 अगस्त से 25 अगस्त तक 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत 1895 बूथों पर 3800 दवा प्रशासकों एवं 365 पर्यवेक्षकों के द्वारा 11,54,958 जनों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।



कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान 2 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को डीईसी की 1 गोली व एल्बेंडाजोल की 1 गोली, 6 से 14 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को डीईसी की 2 गोली व एल्बेंडाजोल की 1 गोली तथा 15 वर्ष की उम्र से अधिक जनों को डीईसी की 3 गोली व एल्बेंडाजोल की 1 गोली दी जाएगी तथा यह दवा खाली पेट नहीं लेना है तथा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं देना है। कार्यक्रम का आयोजन बड़ाजामदा, मझगांव चक्रधरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत संचालित नहीं किया गया है, क्योंकि कुछ माह पूर्व में ही इन क्षेत्रों में अभियान को संचालित किया गया है।


हरी झंडी दिखाकर जागरुकता वाहन को रवाना करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी हम सबों के कंधे पर है। अभियान से जुड़े लोगों को पुरी निष्ठा के साथ अपने निर्धारित दायित्वों का पालन करते हुए लक्षित समूह वर्ग को दवा उपलब्ध करवाना है। समारोह में उपस्थित जनों को उपायुक्त के द्वारा मिशन इंद्रधनुष-5.0 संपूर्ण टीकाकरण अभियान के बारे में भी बताया गया। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान में 0 से 5 साल तक के बच्चे को छूटे हुए टीके लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबों को समेकित प्रयास से जिला को स्वस्थ क्षेत्र बनाए रखने हेतु निरंतर दृढ़ संकल्पित रहना है। समारोह के दौरान उपायुक्त के द्वारा फाइलेरिया मुक्ति अभियान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर फाइलेरिया उन्मूलन राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी.के सिंह, जिले के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.साहिर पाल, आरसीएचओ डॉ.सुंदर मोहन सामढ़, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, भीबीडी पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो मरे



**SUNDARGARH :** जिल में बुधवार शाम सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। हादसा सुंदरगढ़ जिले के सदर थाना क्षेत्र में हुआ। सदर थाना क्षेत्र के भेड़ाबहल बघियापाड़ा के पास बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। क सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय दूसरे बा?इक सवाल की भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान भेड़ाबहाल के संजय माझी और किशोर बरीहा के रूप में की गई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही मृतकों के घरवालों को सूचना दे दी गई है।

### इनर व्हील ने टाटा कॉलेज कॉलोनी मध्य विद्यालय में कराई चित्रांकन प्रतियोगिता



**CHAIBASA :** इनरव्हील क्लब कि चाईबासा शाखा के द्वारा टाटा कॉलेज कॉलोनी मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। दो खंडों में आयोजित इस प्रतियोगिता में वर्ग 2 और 3 तथा चार और पांच कक्षा के बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बेहतरीन चित्रांकनों के द्वारा अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के पश्चात क्लब के द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की संयोजक क्लब की आईएसओ ममता जिंदल ने बताया कि क्लब का उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों में इस तरह की चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों में चित्रकला और कलाकृति के प्रति जागरूकता फैलाना है। क्लब की अध्यक्ष भावना राठौड़ बताया कि इनरव्हील क्लब के द्वारा विभिन्न तरह की सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में प्रकृति के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करते हुए क्लब के सदस्यों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। सभी शिक्षकों को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रतीक के रूप में पौधे भी भेंट किए गये। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्र सिंह सहित क्लब के सदस्यों और शिक्षकों ने भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्षा मंजरी पसारी, क्लब संपादक स्वेता दोदराजका सहित सदस्य प्रीति दोदराजका और सीमा उपस्थित थे।

# खाद्य विभाग ने किया निरीक्षण, एक्सपायरी खाद्य सामग्री पकड़ी, तीन हजार जुर्माना


जांच करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला नगर निगम खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जगदा और कोयलनगर मेला में 31 खाद्य स्टॉल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों को पच्चीस किलोग्राम बासी भोजन, जिसमें एक्सपायरी समाप्ति तिथियां नहीं थीं। इनका रंग असामान्य दिखाई दे रहा था, इस खाद्य सामग्री को डिस्पोज किया गया। वहीं इन दुकानों से तीन हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। खाद्य विभाग ने स्टॉलों से लोगो के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन करने का आदेश दिया।

## मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ मजदूर संगठनों ने किया विरोध



प्रदर्शन करते मजदूर संगठन के लोग। ● फोटोन न्यूज

**ROURKELA :** शहर के बिसरा चौक में गुरूवार को 15 सूत्री मांगों को लेकर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हजारों की संख्या में मजदूरों ने धरना दिया। इस दौरान श्रमिकों ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया। इस दौरान श्रमिक नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार कारपोरेट घरानों के मुफीद नियम बना रही है,इससे मजदूरों का हक प्रभावित हो रहा है।

इस विरोध प्रदर्शन में आईएनटीयूटी,हिंद मजदुर समद समर्थित आरएमएस, सीटू, एटक, आईयूटीयूसी, एआईसीसीटीसी, एलपीजी, जीएमएम और सियर्स यूनियनों के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए। मजदूरों के प्रदर्शन से बिसरा चौक पर जाम लग गया था।

# फाइलेरिया रोकथाम के लिए 19 अगस्त तक सामूहिक औषधि सेवन अभियान

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** फाईलेरिया रोग की रोकथाम के लिए बड़े पैमाने पर दवाओं के इस्तेमाल को लेकर गुरूवार को स्थानीय सद्भावना भवन में मीडिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरोज कुमार मिश्रा ने जिले में फाइलेरिया की बीमारी और मरीजों की स्थिति, बीमारी कैसे होती है, बीमारी के लक्षण, बीमारी का डर और बीमारी के निदान के बारे में विस्तार से चर्चा की।



जांच करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

फाइलेरिया के निदान के लिए जिले में गुरूवार से 19 अगस्त तक सामूहिक औषधि सेवन कार्यक्रम आयोजित करने की बात बताई। स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलाने के लिए 3038 गोष्ठी टीमों का गठन किया गया है। इन्हें सामूहिक दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में दवा सेवन की व्यवस्था है। 93 बूथ भी बनाए गए है। 397 मोबाइल टीमें बनाई गई हैं जो स्कूलों, कॉलेजों, विभिन्न कार्यालयों, उद्योगों, जेलों, हाउसिंग सोसायटियों में दवा पिलाएंगी।

इस कार्यक्रम के तहत आसा के कर्मी, प्रशिक्षित स्वयंसेवक घर-घर, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में जाकर सभी सदस्यों को उनकी उम्र के अनुसार फाइलेरिया का दवाई खिलाएंगे। केवल गर्भवती महिलाओं, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गंभीर रूप से बीमार और जन्म देने के एक सप्ताह के भीतर की माताओं को यह दवा नहीं दी जाएगी।

बैठक में सामूहिक दवा सेवन में जिलेवासियों से सहयोग करने की अपील की गई है। अतिरिक्त जिला जन स्वास्थ्य अधिकारी (भीबीडी) डॉ. भक्तो मोहन स्वाई, राज्य परियोजना प्रबंधक डॉ. अजीत बसंतराय, डब्लूएचओ जोनल समन्वयक डॉ. श्यामबंधु रथ, विजया लक्ष्मी पुष्टि, सलाहकार डॉ. मनोज महापात्र, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी नंदिनी मुंडारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मणिपुर हिंसा के खिलाफ आदिवासी महासंघ ने किया विरोध प्रदर्शन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** मणिपुर हिंसा के विरोध में गुरूवार को सुंदरगढ़ जिले के बनई में आदिवासी महासंघ की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ बनई आदिवासी महासंघ ने इस अपमान के खिलाफ आवाज उठाई है।महासंघ ने केंद्र सरकार पर मणिपुर में हिंसा जारी रहने के दौरान चुप रहने का आरोप लगाया है। रैली में बनई विधायक लक्ष्मण मुंडा शामिल हुए। महासंघ का विरोध जुलूस शहर के परिक्रमा करते हुए उपजिलापाल के कार्यालय के सामने धरना दिया। मणिपुर में हिंसा को तुरंत रोकने के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया।


विरोध प्रदर्शन करते आदिवासी महासंघ के लोग। ● फोटोन न्यूज

# जननी संपर्क अभियान में समस्या-समाधान की हुई पहल

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के रघुनाथपाली के पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रशांत सेठी इन दिनों बस्ती अभियान, जननी संपर्क अभियान आदि चलाकर लोगों की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने की दिशा में अग्रसर है। गुरूवार को जननी संपर्क अभियान में कंस्ट्रक्शन कॉलोनी के ब्लॉक ए की महिलाओं के साथ बैठक की। इलाके में पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पीने के पानी पाइप में नही आने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशांत को प्राथमिकता के आधार पर एक ट्यूबबॉल लगाने के लिए आग्रह किया गया। इसी तरह, कुछ बहनों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे उचित इलाज से वंचित रह जाती हैं।


जननी संपर्क अभियान के तहत महिलाओं से मुलाकात करते प्रशांत सेठी। ● फोटोन न्यूज

प्रशांत सेठी ने कहा मुख्यमंत्री सहायता राशि कोष से इसका लाभ मिल पाएगा, इस पर वे आवश्यक पहल करने की बात कही है। उन्होंने वंचितों को भत्ता दिलाने और स्वयं सहायता समूहों को सरकारी काम दिलाने में सहयोग के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने की जानकारी दी।

## DAV SCHOOL में शैक्षणिक सत्र 2021-22 एवं 2022-23 की 10वीं व 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

# जिंदगी में लगातार बेहतर करने के लिए सीखने की ललक को सदैव जीवित रखने की जरूरत : उपायुक्त


नृत्य प्रस्तुत करते स्कूल के बच्चे। ● फोटोन न्यूज


कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज


प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2021-22 एवं 2022-23 के 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी व जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील उपस्थित हुए। अतिथियों के हाथों विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बूंद-बूंद शीर्षक गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों वैभव कुमार, प्रदीप्त बिरुवा व तृषा सिंह ने कविता पाठ प्रस्तुत किया। जबकि छात्राओं ने नागपुरी लोक नृत्य तथा पारंपरिक नृत्य हमार झारखंड गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सबको मोहित किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बारी-बारी से विद्यार्थियों को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उपायुक्त ने अनन्य मित्तल ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आज यहां पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आपको व आपके अभिभावक को जो गौरव का एहसास हो रहा है, उसे निरंतर बरकरार रखें। यही आप सभी को हमारी शुभकामनाएं हैं। उपायुक्त ने अपने स्कूली दिनों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बेहतर करने के बाद जब हम सभी को मेडल प्राप्त होते थे तो उसे विद्यालय के ड्रेस पर लगाकर बेहद गौरव अनुभूति करते थे। आज वही अनुभूति आप सभी के चेहरे पर देखना सुखद लग रहा है।

उन्होंने कहा कि जिंदगी में लगातार बेहतर करने के लिए सीखने की ललक को सदैव जीवित रखिए। चाहे वह पढ़ाई के लिए हो, खेल के लिए हो या जीवन में उत्कृष्ट करने के लिए निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने से जुड़ी, किसी भी विधा को प्राप्त करने के लिए हो। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा प्राप्त करना एकमात्र मकसद नहीं रहना चाहिए। अपितु आपके शिक्षित होने का कितना फायदा समाज को मिला, हम सभी को उस ओर ध्यान केंद्रित करना है। तभी हम सब एक शिक्षित एवं व्यवस्थित समाज की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

वहीं प्रशिक्षु आईएएस सह सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा अपने पसंद के लक्ष्य को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़े। आपको कामयाबी अवश्य मिलेगी। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि जीवन की छोटी-छोटी सफलताएं ही हमें बड़ी सफलताओं के लिए प्रेरित करता है। मंच संचालन शिक्षक एसबी सिंह, शिक्षिका पौषाली चटर्जी व विजयलक्ष्मी बास्के ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक एसबी सिंह ने किया।

# आमो थाना के बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने का प्रस्ताव


कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला के आमो थाने का कार्यभार संभालने वाली पुलिस नई थाना प्रभारी साई प्रभा राउत का स्वागत किया गया,वहीं स्थानीय समस्याओं को लेकर बैठक हुई। इस दौरान बैठक में स्टील मार्केट के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा मुंडा मार्केट में आने वाले ग्राहकों को अपने मोबाइल एवं पर्स की उचित देखभाल करने के लिए जागरूक किया गया। उपस्थित सदस्यों ने खासकर क्षेत्र में चोरी की बड़ी समस्या को देखते हुए गश्ती व्यवस्था कड़ी करने का प्रस्ताव रखा।

संतोष स्वाई, श्याम सुंदर प्रधान ने बुके देकर स्वागत किया। बैठक में पूर्व सेवानिवृत्त डीएसपी सुमनदत्त, वरिष्ठ श्रमिक नेता निहार दास, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश जय सिंह, हमीरपुर के चंद्रकांत साहू, पत्रकार व कवि कुंज बिहारी राउत, सेवानिवृत्त डीजीएम चंद्र शेखर शतपती सहित आसपास क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान एसआई रंजीत प्रधान, एएसआई सुषमा साहू भी उपस्थित थे ।

## रजनीकांत का क्रेज

# जेलर की रिलीज के दिन चेन्नई और बेंगलुरु के ऑफिसों में छुट्टी घोषित!



साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की दुनियाभर में जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। साउथ मे तो रजनीकांत को लोग भगवान की तरह पूजते भी हैं। रजनीकांत की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। रजनीकांत जल्द ही फिल्म जेलर में नजर आने वाले हैं। फैंस के बीच थलाइवा की इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म जेलर के जरिए रजनीकांत लगभग 2 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। जेलर 10 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है। वहीं फैंस के बीच इस फिल्म के क्रेज को देखते हुए चेन्नई और बेंगलुरु में कई ऑफिसों ने 10 अगस्त को कर्मचारियों के लिए छुट्टी घोषित कर दी गई है। खबरों के अनुसार सुपरस्टार रजनीकांत को लेकर जेलर का फीवर न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर तक भी पहुंच गया। जेलर को अच्छी स्क्रीन प्रेजेंस मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो रजनीकांत के लिए एक शानदार शुरुआत होगी। बता दें कि फिल्म जेलर वर्ल्डवाइड रिलीज हो रही है। यह फिल्म तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलजी होगी।फिलम में रजनीकांत के अलावा जैकी श्रॉफ और तमन्ना भाटिया भी है। मेकर्स ने फिल्म में एक कैमियो के लिए मलयालम एक्टर मोहनलाल को चुना है।



# एटली के अगले प्रोडक्शन में वरुण के साथ नजर आएंगी वामिका

जुबली में अपने एक्टिंग स्किल से सभी को हैरान करने वाली एक्ट्रेस वामिका गब्बी फिल्म निर्माता एटली की अपकमिंग हिंदी प्रोडक्शन में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं। अभी तक अपकमिंग प्रोजेक्ट का टाइटल तय नहीं हो पाया है। फिलहाल, इसे हैशटैग वीडी18 के नाम से जाना जाता है और यह 31 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है। वामिका ने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित और आभारी हूं। वरुण और कीर्ति सुरेश के साथ काम करने का अवसर निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। मैं फुल कर्मिशियल हिंदी प्रोजेक्ट की तलाश में थी और यह बस इतना ही है। मैं मुराद सर और एटली के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। ग्रहण, माई और हाल ही में रिलीज हुई जुबली में शानदार परफॉर्मेंस के साथ इंडस्ट्री में अपनी योग्यता साबित करने के बाद, वामिका इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म की के लिए फेमस टैलेंटेड स्क्रीनराइटर कलीज द्वारा लिखित, यह फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई एक्सपीरियंस देने का वादा करती है। शानदार कलाकारों और सम्मोहक कहानी के ऐसे पावर–पैक कॉम्बिनेशन के साथ, हैशटैग वीडी18 साल 2024 की सबसे सफल फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है। इसके अलावा, वामिका वर्तमान में बुडापेस्ट की अगली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, और वह विशाल भारद्वाज की पहली ओटीटी सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली और नेटफ्लिक्स के साथ विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म खुफिया में तब्बू सह–कलाकार हैं, का इंतजार है। वामिका ने पंजाबी, हिंदी, तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। उन्होंने हिंदी फिल्म जब वी मेट में एक छोटी सी भूमिका के साथ स्क्रीन पर अपनी शुरुआत की। लेकिन उन्हें बड़ी सफलता यो यो हनी सिंह और अमरिंदर गिल के साथ फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 (2013) से मिली। फिर उन्होंने इश्क ब्रांडी (2014), निक्का जैलदार 2 (2017), परहुना (2018), दिल दियां गल्लां (2019) और निक्का जैलदार 3 (2019) जैसी कई पंजाबी फिल्मों में अभिनय किया।



# ब्रेकिंग बैड के हिंदी वर्जन में नजर आएंगे गुलशन

बॉलीवुड के ओरिजनल बैड मैन एक्टर गुलशन ग्रोवर ने ब्रेकिंग बैड के हिंदी रीमेक में एक्टिंग करने की अपनी इच्छा के बारे में खुलासा किया और बताया कि आखिरकार वह इसका हिस्सा कैसे बने। यह विंस गिलिगन द्वारा निर्मित क्राइम ड्रामा है। यह शो एंटीहीरो, पावर और इंटीग्रिटी के थीम्स पर केंद्रित है। ब्रेकिंग बैड– हिंदी के एक स्पेशल प्रोमो में गुलशन हेक्टर सलामांका के किरदार में नजर आएंगे। हेक्टर का किरदार मार्क मार्गोलिस ने निभाया था। यह किरदार जुआरेज कार्टेल का एक पूर्व हाई–रैंकिंग मेंबर है, जो अब स्ट्रोक के कारण चलने या बोलने में असमर्थ है। वह घंटी की मदद से बात करता है। मार्क का हाल ही में निधन हो गया, और गुलशन का वीडियो एक्टर और किरदार को एक श्रद्धांजलि है। उसी के बारे में बात करते हुए, गुलशन ने कहा, कुछ ऐसे शो हैं जिन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी याद किया जाता है और देखा जाता है। ब्रेकिंग बैड उनमें से एक है; यह टीवी शो में एक बेंचमार्क है और यकीनन अब तक का सबसे अच्छा टीवी शो है। 67 वर्षीय अभिनेता ने कहा, जब मैंने पहली बार यह शो देखा, तो मेरी इच्छा थी कि वे इसका हिंदी में रीमेक बनाएं और मैं भी इसमें एक्टिंग कर सकूं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ, जब मैंने सुना कि ज़ी कैफे हिंदी डबिंग के साथ शो ला रहा है, तो मुझे पता था कि मुझे किसी भी तरह से इसका हिस्सा बनना होगा। उन्होंने इस स्पेशल प्रोमो के लिए मुझसे संपर्क किया और मैंने इसकी शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया। प्रोमो में गुलशन को अपने किरदार के लिए काफी मेहनत करते हुए देखा गया है, क्योंकि वह एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हेक्टर सलामांका की भूमिका में हैं। वह घंटी बजाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



# कोरियोग्राफर गीता का छलका दर्द

हाल ही में मशहूर कोरियोग्राफर गीता का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बताती हैं कि जब सेलेब्स कैमरा को इग्नोर करते हैं तो उन्हे काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि मीडिया ने गीता को फोटोज के लिए रोक कर रखा है और गीता ये कहती नजर रहीं हैं कि, 'ये असलियत भी दिखाओ कभी कि पीछे क्या चल रहा है....रहने दो...जानो दो....काम है नहीं तो बहुत गाली पड़ती है हमको....आपको पता नहीं?...बहुत डांटते हैं।'इसके बाद वह कैमरे के लिए पोज देती हैं और फिर चली जाती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो गीता इन दिनों सोनाली के साथ रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर 3 को जज कर रहीं हैं। मालूम हो कि सेलिब्रिटीज की लाइफ में पर्सनल स्पेस नाम की कोई चीज नहीं होती। कई बार न चाहते हुए भी वह मीडिया के कैमरे में कैप्चर हो जाते हैं और उनकी छोटी–बड़ी बात तुरंत पब्लिक न्यूज बन जाती है।



# ओजी से टाइगर 3 तक

## इमरान हाशमी ने की डार्क रोल्स के प्रति अपनी रुचि के बारे में बात की

पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड में नायकों की अच्छी खासी हिस्सेदारी देखी गई है। दमदार रोमांटिक लीड से लेकर एक्शन से भरपूर मैन लीड तक इंडस्ट्री ने विभिन्न ट्रेंड्स देखे हैं। हालांकि, एक अभिनेता जो डार्क कैरेक्टर्स को सबसे स्टाइलिश ढंग से अदा करता है, वह है इमरान हाशमी। साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में हाल ही में कदम रखने और सह–कलाकार पवन कल्याण के साथ ओजी में खलनायक की भूमिका निभाने और टाइगर 3 में विलेन के रूप में अपनी भूमिका के इमरान साथ हाशमी बॉलीवुड और उससे परे अपने लिए एक अद्वितीय जगह बना रहे हैं। इमरान हाशमी ने कहानी कहने के अपने विशिष्ट दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए खुलासा किया, डार्क कैरेक्टर्स और नॉयर जॉनर के दायरे में जाना मानव मानस के अज्ञात क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक यात्रा शुरू करने जैसा है, जिसने भारतीय सिनेमा के परिदृश्य में उनके लिए एक विशेष जगह बनाई। रोमांटिक रोल्स से डार्क कैरेक्टर्स की ओर इमरान हाशमी का परिवर्तन धीरे–धीरे लेकिन प्रभावशाली था। गैंगस्टर, वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई और द डर्टी पिक्चर जैसी फिल्मों में उन्होंने जटिल और नैतिक रूप से अस्पष्ट भूमिकाओं में अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों ने न केवल उनकी बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया बल्कि बॉलीवुड हीरो की पारंपरिक धारणा को भी चुनौती दी। दर्शकों ने उन किरदारों में गहराई और परतें जोड़ने की हाशमी की क्षमता की सराहना करना शुरू कर दिया, जो पारंपरिक नायक आदर्श से बहुत दूर थे।



# पति से अलग होने के बाद छलका कुशा कपिला का दर्द

एक इंडियन फैशन एडिटर. सोशल मीडिया पर्सनैलिटी. कॉमेडियन, एक्ट्रेस और यूट्यूबर कुशा कपिला और जोरावर अहलूवालिया के डिवोर्स को 40 दिन से ज्यादा हो गए हैं। एक्ट्रेस तब से रेगुलर काम कर रहीं हैं, जिसमें दीपिका पादुकोण के साथ शूट और जियो सिनेमा पर उनका शो टिंडर स्वाइप राइड भी शामिल है। हालाँकि, कुशा ने बीते रविवार को अपने इस्टाग्राम पर एक लबा नोट लिखा कि अपने पाटनर से अलग हो जाने से दु :ख कम नहीं होता। कुशा ने एक इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए अपने मन के बोझ को शेयर किया है। एक्ट्रेस ने काफी लंबा नोट शेयर किया है। ऐसे में कई सेलेब्स



# मौका मिला तो एक्टिंग भी करेंगी सुनिधि चौहान

भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय गायिका सुनिधि चौहान ने अपने गायन करियर में एक से बढ़कर एक हिट गाने गाए हैं। जब वह ग्यारह साल की थी, तभी उनको पहली बार उदित नारायण के साथ फिल्म अस्त्र में लड़की दीवानी देखो गाने का मौका मिला। इस गाने से फायदा यह हुआ कि पहली बार हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ पहली बार वर्ल्ड टूर में गाने के मौका मिला। तब से लेकर विदेश में उनके कई म्यूजिकल कंसर्ट हो चुके हैं। अब वह पहली बार मुंबई में 20 अगस्त को एक म्यूजिकल कंसर्ट करने जा रही है। इस म्यूजिकल कंसर्ट के प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सुनिधि चौहान ने इस बात का खुलासा किया कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह एक्टिंग में अपनी किस्मत आजमा सकती हैं। गायिका सुनिधि चौहान ने फिल्मों में एक से बढ़कर एक हिट गाने गाए हैं। वह 11 साल की उम्र से स्टेज शो भी कर रही हैं। सुनिधि चौहान ने कहा, मैं 11 साल से स्टेज शो कर रही हूं। अब तक बहुत सारे म्यूजिक कंसर्ट किए हैं। वैसे तो मुंबई में मैंने बहुत सारे स्टेज शो किए हैं। लेकिन मुंबई में यह मेरा पहला ऐसा म्यूजिक कंसर्ट है, जिसमे लोग टिकट लेकर मेरा शो देखने आएंगे। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं अपने घर में शो करने जा रही हूं। गायिका सुनिधि चौहान अपने स्टेज कार्यक्रम के दौरान पहले सिर्फ अपने गाने गाती थी। अब वह अपने गानों पर परफॉर्म भी करती है। वह कहती हैं, स्टेज कार्यक्रम के दौरान जब मैं माधुरी दीक्षित को मेरे गाए गानों पर परफॉर्म करते देखती तो बैक स्टेज पर उनके जैसा डांस करने की कोशिश करती थी। जब कार्यक्रम के आयोजन ने मुझे बैक स्टेज पर डांस करते देखा तो उन्होंने सुझाव दिया किया कि आप खुद क्यों नहीं अपने गानों पर डांस करती हैं? उनका सुझाव मुझे अच्छा लगा और तीन साल तक मैने डांस सीखा। अब जितने भी मेरे म्यूजिकल कंसर्ट होते हैं, अपने गानों पर खुद ही डांस करती हूं।




# इस वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर सनी और अक्षय होंगे आमने-सामने

इस वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर होगी, क्योंकि इस शुक्रवार को गदर–2 और ओह माय गॉड–2 रिलीज होंगी। दोनों फिल्में सीक्वल हैं और उनका अपना फैन बेस है। सिनेलवर्स के बीच अपनी फेवरेट मूवी को लेकर खास एक्साइटमेंट है। रिसर्च एनालिस्ट जिनेश जोशी का कहना है कि गदर–2 सिंगल स्क्रीन में दर्शकों की भारी संख्या को इक्ट्ठा कर सकती है। फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग ट्रेंड काफी हाई है। दिलचस्प बात यह है कि गदर–2 का निर्माण जी स्टूडियोज़ ने किया है, जबकि ओह माय गॉड–2 का निर्माण वायाकॉम18 स्टूडियोज ने किया है। बॉलीवुड से परे, रजनीकांत स्टारर जेलर और चिरंजीवी स्टारर भोला शंकर भी इस वीकेंड रिलीज होने वाली हैं। जेलर का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रजनीकांत दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं, जबकि चिरंजीवी के फैंस वाल्टेयर वीरय्या (उनकी आखिरी रिलीज) के हिट के बाद उत्साहित है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टियों के बीच बॉक्स ऑफिस पर सभी फिल्में लंबे समय तक चलेंगी। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि इस शुक्रवार कौन सी फिल्म दौड़ में आगे रहेगी।